आर.एन.आई. नं. HARBIL/2017/71370

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# अटल हिन्द

वर्ष : 08, अंक : 83

कैथल (हरियाणा),

शनिवार, 20 अप्रैल 2024

मूल्य : 2 रूपया, पृष्ठ : 8

Postal No. KKR/183/2022-24

हरियाणा,पंजाब, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

Publisher & Director: Raj K. Aggarwal I Email:- atalhindnews@gmail.com I ePaper- Website:www.atalhind.com 9891096150/9802153000

## पहले चरण के चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न, 62 प्रतिशत से अधिक मतदान




नयी दिल्ली, 19 अप्रैल (एजेंसी) भारत की अट्ठारहवीं लोक सभा के चुनावों के पहले चरण में शुक्रवार को 102 सीटों के लिये हुये मतदान में 62 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इसके साथ ही 543 सदस्यीय लोकसभा की 102 सीटों पर चुनाव मैदान में उतरे कुल 1625 उम्मीदवारों का चुनावी भविष्य इलेक्ट्रानिक मतदान मशीनों के मेमोरी कार्ड में लॉक हो

गया है। इनमें भाजपा के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी, किरण रिजिजू, सर्बानंद सोनोवाल, अर्जुन राम मेघवाल और भूपेन्द्र यादव सहित आठ केन्द्रीय मंत्री भी शामिल हैं।

निर्वाचन आयोग की विज्ञप्ति के अनुसार मतदान कुल मिलाकर सहज और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। पश्चिम बंगाल और मणिपुर में छिटपुट हिंसा की घटनाओं को छोड़कर देश भर में मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न हुई। लोकसभा के पहले चरण के साथ -साथ अरुणाचल प्रदेश विधानसभा की सभी 60 और सिक्किम विधानसभा की सभी 32 सीटों के चुनाव भी संपन्न हो गये हैं। आयोग की ओर से रात नौ बजे जारी विज्ञप्ति के अनुसार लोक सभा चुनाव के पहले चरण में कुल 102 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल पंजीकृत 16.63 करोड़ मतदाताओं में से शुक्रवार को 62.37 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। दूरदराज के इलाकों के निर्वाचन केन्द्रों का मतदान आंकड़ा बढ़ सकता है। आयोग ने आयोग ने एक विज्ञप्ति में कहा कि बहुत से मतदान केन्द्रों पर मतदान का समाप्त होने का समय समाप्त होने पर भी मतदाता कतारों में खड़े थे। पहले चरण के चुनाव में 21 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक वोट डाले गये। निर्वाचन आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, पहले चरण में त्रिपुरा में वोट डालने वाले मतदाताओं का अनुपात सर्वाधिक 80.17 प्रतिशत रहा, जबकि बिहार में सबसे कम 48.50 प्रतिशत मतदाता ही वोट डालने निकले। आयोग द्वारा जारी अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, त्रिपुरा की एक सीट पर 80.17 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में तीन सीटों पर 77.57 प्रतिशत, मणिपुर में दो सीटों पर 69.13 प्रतिशत, मेघालय में दो सीटों पर 74.21 प्रतिशत और असम में पांच सीटों पर 72.10 प्रतिशत वोट पड़े थे।

पुड्डुचेरी में एक सीट पर 73.50 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ की एक सीट पर 63.41 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया था।

## चुनाव के दौरान 'यात्राओं' की अनुमति पर तीन दिन के भीतर फैसला लें: सुप्रीम कोर्ट

नयी दिल्ली, 19 अप्रैल (एजेंसी) उच्चतम न्यायालय ने चुनाव के दौरान किसी भी सभा पर रोक लगाने के व्यापक आदेश जारी किये जाने पर शुक्रवार को आश्चर्य व्यक्त किया और सक्षम अधिकारियों को मौजूदा आम चुनावों के दौरान 'यात्राएं' आयोजित करने की अनुमति के लिए किसी भी व्यक्ति की ओर से की गयी याचिका पर तीन दिन के भीतर निर्णय लेने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने सामाजिक कार्यकर्ता अरुणा रॉय और निखिल डे की याचिका पर यह निर्देश दिया। पीठ के समक्ष याचिकाकर्ता सुश्री रॉय और श्री डे की ओर से पेश अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने दावा किया कि चुनाव आयोग ने आम चुनाव होने तक सभी सभाओं, बैठकों, प्रदर्शनों आदि पर



रोक लगा दी है। पीठ ने आश्चर्य व्यक्त करते हुए पूछा, ऐसा आदेश कैसे जारी किया जा सकता है। भूषण ने संविधान पीठ के पहले के फैसलों का जिक्र करते हुए कहा कि जब तक शांति भंग होने की कोई ठोस वास्तविक आशंका न हो, सीआरपीसी की धारा 144 के तहत कोई आदेश जारी नहीं किया जा सकता है। पीठ के कहने पर श्री भूषण ने अदालत में ऐसा ही एक नोटिस को पढ़ा। उन्होंने (श्री भूषण) बाड़मेर में जारी एक नोटिस का हवाला देते हुए कहा, ÷बाड़मेर के जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि ईसीआई द्वारा लोकसभा चुनावों की (16 मार्च को) घोषणा की गई है। ईसीआई के निर्देशों के अनुसार, लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से कराए जाने चाहिए। कोई भी व्यक्ति संबंधित चुनाव अधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना जुलूस या सार्वजनिक बैठक का आयोजन नहीं कर सकेगा, लेकिन यह प्रतिबंध विवाह समारोह और अंतिम यात्रा पर लागू नहीं होगा। भूषण ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं को उनके लोकतांत्रिक अधिकारों आदि का प्रयोग करने के लिए जागरूक करने के वास्ते लोकतंत्र यात्रा/सार्वजनिक बैठक निकालने की अनुमति के लिए आवेदन किया था।

## राहुल गांधी ने मतदाताओं से कहा, नफरत को हराकर हर कोने में 'मोहब्बत की दुकान' खोलें

दिल्ली/एजेंसी। जैसे ही शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुरू हुआ, कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मतदाताओं से नफरत को हराकर लोकतंत्र को मजबूत करने और देश के हर कोने में 'मोहब्बत की दुकान' खोलने का आग्रह किया। शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान शुरू होते ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मतदाताओं से नफरत को हराकर लोकतंत्र को मजबूत करने और देश के हर कोने में 'मोहब्बत की दुकान' खोलने का आग्रह किया। गांधी ने 'एक्स' पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, आज मतदान का पहला चरण है! याद रखें, आपका प्रत्येक वोट भारत के लोकतंत्र और इसकी पीढ़ियों का भविष्य तय करेगा। उन्होंने कहा, बाहर निकलें और पिछले 10 वर्षों में देश की आत्मा पर लगे घावों पर



अपने वोट का मरहम लगाकर लोकतंत्र को मजबूत करें। कांग्रेस नेता ने कहा, नफरत को हराकर देश के हर कोने में मोहब्बत की दुकान खोलें। गांधी ने लोगों को कांग्रेस की प्रमुख गारंटी का एक ग्राफिक भी साझा किया, जिसमें प्रशिक्षुता का अधिकार, एमएसपी की कानूनी गारंटी और राष्ट्रव्यापी जाति जनगणना शामिल है। 2024 के लोकसभा चुनाव शुक्रवार को शुरू हो गए, जिसमें पहले चरण के लिए 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर मतदान हुआ।

## रात कितनी भी लंबी हो सच का सूरज चढ़ता ही चढ़ता है भगवंत मान

**अटल हिंद ब्यूरो**

चंडीगढ़/फतेहगढ़ साहिब, 19 अप्रैल- मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को पंजाब में आगामी लोकसभा चुनाव के लिए श्री फतेहगढ़ साहिब की पवित्र भूमि से आम आदमी पार्टी (आप) के चुनाव अभियान की शुरुआत की। मान ने शहर में भारी बारिश और ओलावृष्टि के बावजूद लोगों की एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि वह कार्यकर्ताओं से मिलने और एकत्रित लोगों को संबोधित करने से पहले वापस नहीं जाएंगे। मान ने कहा कि उन्हें थोड़ी बारिश या ओलावृष्टि से डर नहीं लगता। उन्होंने कई तूफानों का सामना



किया है। लेकिन अभी पंजाब में गेहूं की फसल की कटाई का समय है इसलिए यह बारिश अच्छी नहीं है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे किसी भी बात की चिंता न करें। वह उनके साथ हैं। वे (आप सरकार) इस बारिश के कारण किसानों को होने वाले हर नुकसान की भरपाई करेंगे। उन्होंने कहा कि बादल और तूफान अंततः गुजर जाते हैं और सूरज फिर से चमकता है। उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि आम आदमी पार्टी अपने चुनाव अभियान की शुरुआत श्री फतेहगढ़ साहिब की पवित्र धरती से कर रही है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे आप उम्मीदवार गुरप्रीत सिंह जीपी को वोट दें और उन्हें हमारे देश की सबसे बड़ी पंचायत में उनकी आवाज बनाकर संसद में भेजें।

जनसभा को संबोधित करते हुए मान ने कहा कि कुछ काम ऐसे होते हैं जिन्हें मनुष्य करता है और उसे लगता है कि उसके जीवन का लक्ष्य पूरा हो गया है। वह इसके अलावा कुछ और नहीं मांग सकता। 27 दिसंबर 2018 को मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ था। मैंने तत्कालीन स्पीकर सुमित्रा महाजन जी से कहा था कि सदन को साहिबजादों को श्रद्धांजलि देनी चाहिए क्योंकि दिसंबर महीने के आखिर में उनका शहीदी सप्ताह होता है। उन्होंने मुझसे एक लिखित प्रस्ताव मांगा और मैंने उसे प्रस्तुत कर दिया। 27 दिसंबर को सदन की कार्यवाही गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादे को श्रद्धांजलि देकर शुरू की गई। वो एक ऐतिहासिक दिन था। अब ये रिकॉर्ड में है। हर साल चाहे आज से कितने भी साल बाद 27 दिसंबर को संसद छोटे साहिबज़ादे की शहादत को श्रद्धांजलि देने के बाद अपना काम शुरू करेगी।

## वोट बैंक की खातिर आस्था को खारिज कर रहे हैं इंडी गठबंधन वाले: मोदी

अमरोहा (एजेंसी) समाजवादी पार्टी (सपा) और कांग्रेस पर निशाना साधते हुये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हज़ारों वर्षों से चली आ रही आस्था और भक्ति को इंडी गठबंधन वाले सिर्फ वोट बैंक के लिए ख़ारिज कर रहे हैं।

दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे मैदान पर चुनावी रैली को संबोधित करते हुये श्री मोदी ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस, सपा और बसपा सरकारों में यहां के किसानों की समस्याओं की अनदेखी की जाती थी लेकिन भाजपा सरकार किसानों पर पूरा ध्यान दे रही है। अमेरिका में जहां यूरिया प्रति बोरी तीन हज़ार रुपये में मिलती है वहीं हम भारत में किसानों को 300 रुपये में उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होने कहा हमें देश और उत्तर प्रदेश को बहुत आगे लेकर जाना है लेकिन इंडी गठबंधन की सारी शक्ति गांव,



देहात को पीछे ले जाने में लगती है।इसी सोच के चलते अमरोहा और पश्चिम उत्तर प्रदेश जैसे क्षेत्रों को सबसे बड़ा खामियाज़ा भुगतान पड़ा है। मोदी ने कहा इंडी गठबंधन वाले सनातन से घृणा करते हैं। मैने श्रीकृष्ण की वास्तविक द्वारिका जो कि समुद्र में स्थित है, वहां पूजा की लेकिन कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि समुद्र में पूजा करने योग्य कुछ है ही नहीं। हमारी हज़ारों वर्षों से चली आ रही आस्था और भक्ति को ये लोग सिर्फ वोटबैंक के लिए ख़ारिज कर रहे हैं।

## ओबीसी और एससी वर्ग की विरोधी है कांग्रेस, जबकि भाजपा ने सभी वर्गों को दिया सम्मान : नायब सैनी

**अटल हिंद/योगेश गर्ग**

चंडीगढ़, 19 अप्रैल। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी राजस्थान में लगातार भाजपा प्रत्याशियों के लिए धुआंधार प्रचार कर रहे हैं। शुक्रवार को भी हरियाणा के मुख्यमंत्री ने राजस्थान के बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र में जनसभा में कहा है कि कांग्रेस ने हमेशा पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति के लोगों को वोट बैंक के रूप में प्रयोग किया है और उन्हें अधिकारों से वंचित रखने का काम किया है। नायब सैनी बाड़मेर लोकसभा क्षेत्र के बालतोरा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा उम्मीदवार कैलाश चौधरी के समर्थन में विजय संकल्प रैली को संबोधित करते हुए कहा कि



जब ओबीसी को अधिकार देने की बात आई तो कांग्रेस ने इनका अधिकार देने से रोकने का काम किया और जब मंडल कमीशन की रिपोर्ट लागू करने की बात आई तो उसका भी कांग्रेस ने डटकर विरोध किया। मंडल कमीशन पर 1 घंटे से ज्यादा समय तक राजीव गांधी लोकसभा में बोले और इस रिपोर्ट को रुकवाने का प्रयास करते रहे। श्री सैनी ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने पिछड़ा वर्ग और अनुसूचित जाति के लोगों को ऊपर उठाने का काम किया। आज केंद्रीय मंत्रिमंडल में 27 मंत्री ओबीसी समाज से हैं जो अपने आपमें एक रिकॉर्ड है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हरियाणा ने पिछले दिनों सरप्लस पानी राजस्थान को देने का प्रस्ताव पास किया है। कांग्रेस इसके भी विरोध में है। कांग्रेस ने पानी नहीं देने की बात कही है। उन्होंने लोगों से सीधा सवाल किया कि क्या उन्हें पानी चाहिए और पानी चाहिए तो भाजपा को जितवाना ही होगा।

वैश्विक महामारियों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि वैश्विक महामारियां पहले भी आती रही हैं, लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने कभी भी इन पर ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि पोलियो की वैक्सीन आने में 20 साल लगे। चेचक की वैक्सीन आने में 30 साल लगे और प्लेग की वैक्सीन आने में 40 साल लगे।

## जेल में केजरीवाल को नहीं दी जा रही इंसुलिन: आप

नयी दिल्ली/एजेंसी। आम आदमी पार्टी (आप) ने मोदी सरकार के इशारे पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जीवन के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा कि जेल में उनको इंसुलिन नहीं दी जा रही है।

आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि भरतीय जनता पार्टी (भाजपा) की कार्य पद्धति और और उनके नेता जिस तरह से काम करते हैं, वह किसी की जान लेने की हद तक षड़यंत्र रच सकते हैं। श्री केजरीवाल के खिलाफ चल रही कार्रवाई को देखकर कह सकता हूं कि उनके खिलाफ गहरी साजिश रची गई है और जेल में उनके साथ किसी भी तरह का हादसा हो सकता है। तीन बार के निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ आतंकवादियों जैसा व्यवहार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री से उनकी पत्नी सुनीता केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की मुलाकात आतंकवादियों की तरह कराई जाती है।



सिंह ने कहा कि जेल के नियमों के मुताबिक किसी भी कैदी के बारे में उसके स्वास्थ्य और खानपान से संबंधित कोई भी जानकारी सार्वजनिक नहीं की जा सकती है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को किस आधार पर श्री केजरीवाल के झूठे डाइट चार्ज को मीडिया में प्रचारित करवाया। इसके पीछे क्या साजिश है? क्या जेल प्रशासन से मिलकर ईडी केजरीवाल को किसी बहाने जहर देकर मारने की साजिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 30 सालों से श्री केजरीवाल शुगर के मरीज हैं और इंसुलिन लेते हैं। किसी भी शुगर के मरीज के लिए इंसुलिन बहुत महत्वपूर्ण दवा होती है। अगर समय पर उसे इंसुलिन न दी जाए तो उसकी जान जा सकती है। प्रधानमंत्री और भाजपा के इशारे पर दिल्ली के मुख्यमंत्री के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। बड़े-बड़े अपराधी का इलाज एम्स जैसे बड़े अस्पतालों में होता है, लेकिन तीन बार से निर्वाचित मुख्यमंत्री को जेल प्रशासन इंसुलिन मुहैया नहीं करा रहा है।आप नेता ने कहा कि हम जल्द ही राष्ट्रपति और चुनाव आयोग से श्री केजरीवाल की जिंदगी के साथ हो रहे खिलवाड़ की शिकायत करेंगे। हमारे नेता को बदनाम करने और उनकी जिंदगी से खिलवाड़ करने की साजिश में शामिल जेल प्रशासन और ईडी के अधिकारियों के निलंबन की मांग करेंगे।

## अश्लील सामग्री, CJI चंद्रचूड़ बोले- हाईकोर्ट का आदेश भयावह

नई दिल्ली/एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि हो सकता है कि किसी बच्चे का अश्लील सामग्री देखना अपराध न हो, लेकिन अश्लील सामग्रियों में बच्चों का इस्तेमाल किया जाना ÷गंभीर÷ चिंता का विषय है और यह अपराध हो सकता है. चीफ जस्टिस डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला की पीठ ने मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाले गैर सरकारी संगठनों- 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस ऑफ फरीदाबाद और नई दिल्ली स्थित बचपन बचाओ आंदोलन- की अपील पर फैसला सुरक्षित रखते हुए ये टिप्पणियां की. पीठ ने कहा, ÷हो सकता है कि एक बच्चे का अश्लील सामग्री देखना अपराध नहीं हो, लेकिन अश्लील



सामग्रियों के निर्माण में बच्चों का इस्तेमाल किया जाना अपराध हो सकता है और यह गंभीर चिंता का विषय है.

**IT एक्ट के तहत देखने पर अपराध नहीं बनता: हाईकोर्ट**

मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था है कि आजकल के बच्चे अश्लील सामग्रियां देखने की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं और समाज को वैसे बच्चों को दंडित करने के बजाय शिक्षित करने को लेकर पर्याप्त परिपक्वता दिखानी चाहिए. अदालत ने 28 वर्षीय एस. हरीश के खिलाफ कार्यवाही भी निरस्त कर दी थी, जिस पर अपने मोबाइल फोन पर बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री डाउनलोड करने का आरोप था. अदालत ने कहा था कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 ऐसी सामग्री को केवल देखने को अपराध नहीं बनाता है.

**हाईकोर्ट का फैसला भयावह**

सीजेआई ने कहा, 'बहस पूरी हो गई और फैसला सुरक्षित रख लिया गया है.' उच्चतम न्यायालय ने 11 मार्च को मद्रास हाईकोर्ट के उस फैसले को 'भयावह' करार दिया था जिसमें कहा गया है कि बच्चों से जुड़ी अश्लील सामग्री (चाइल्ड पोर्नोग्राफी) को केवल डाउनलोड करना और उसे देखना पॉक्सो अधिनियम और आईटी कानून के तहत अपराध नहीं है. हाईकोर्ट के इस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करने के लिए भी हाईकोर्ट राजी हो गया था.

## अभिनेता सलमान खान को एक बार फिर धमकी

मुंबई/एजेंसी। 14 अप्रैल को मुंबई के बांद्रा इलाके में अभिनेता सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर फायरिंग हुई थी. इस मामले में मुंबई पुलिस ने 3 संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार किया है. अब इस मामले में एक बार फिर सलमान खान को धमकी मिली है. खबर है कि लॉरेंस बिश्नोई ने सलमान खान को धमकी दी है. दरअसल सलमान खान के घर शुक्रवार को एक शख्स ने कैब भेजी. कैब को लॉरेंस बिश्नोई के नाम से बुक किया गया और गैलेक्सी अपार्टमेंट भेजा गया। ये कार गैलेक्सी अपार्टमेंट के पास रुकी. कैब ड्राइवर ने वहां खड़े सिक्योरिटी गार्ड को बताया कि उसने लॉरेंस बिश्नोई के नाम पर

## हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने लागू किया 9वीं से 12वीं क्लास तक नया पाठ्यक्रम

भिवानी/एजेंसी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा 9वीं से 12वीं तक के लिए नए पाठ्यक्रम को लागू किया है. हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉक्टर वीपी यादव ने दी. नए पाठ्यक्रम को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.bseh.org.in पर अपलोड कर दिया गया है. बोर्ड अध्यक्ष डॉक्टर वीपी यादव ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप पाठन की प्रक्रिया को और अधिक सहज बनाया जा रहा है. वीपी यादव ने कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत पाठन प्रक्रिया को सरल, तर्कशील व प्रभावशाली बनाने तथा प्रश्न-पत्रों के प्रारूप को




दक्षता आधारित बनाने के लिए 100 से अधिक विषय-विशेषज्ञों एवं मुख्य संसाधन व्यक्तियों की 7 कार्यशालाओं का आयोजन करवाने के बाद बोर्ड ने ये पाठ्यक्रम तैयार किया है. बोर्ड अध्यक्ष ने बताया कि नए पाठ्यक्रम में इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि अध्यापक कक्षा में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता के अनुरूप अध्यापन करवाएं. बोर्ड अध्यक्ष ने कहा कि नए पाठ्यक्रम से विद्यार्थी तर्कशीलता के आधार पर आगे बढ़ सकेंगे व विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास भी हो सकेगा. डॉक्टर वीपी यादव ने बताया कि बोर्ड द्वारा शैक्षणिक प्रणाली को और अधिक मजबूत करने की निरंतरता में नये प्रारूप अनुसार 9वीं से 12वीं तक विषयवार एक-एक मॉडल प्रश्न-पत्र व चरणबद्ध मूल्यांकन योजना तैयार करवाते हुए शीघ्र ही बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड किए

# पुलिस और जनता के संयुक्त प्रयासों से नशा मुक्त होगा हरियाणा

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 19 अप्रैल।** हरियाणा राज्य नारकोटिक्स ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओ.पी. सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री पंखुड़ी कुमार के आदेशानुसार नशे के विरुद्ध एक युद्ध स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर युवाओं को निरंतर जागरूक किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम के लिए ब्यूरो द्वारा जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा नियुक्त हैं जो हरियाणा के विभिन्न ज़िलों में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। इस कड़ी में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पाली में एक दिवसीय नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों के साथ वार्तालाप के माध्यम से नशे जैसी बुराई पर चर्चा की। युवाओं के विचार जानकर उन्हें नशे के दुष्प्रभावों बारे जागरूक किया। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि नशा मनुष्य के लिए किसी भी रूप में अच्छा नहीं है। एक दशक पूर्व हरियाणा में तम्बाकू उत्पाद केवल पनवाड़ी की दुकानों पर मिलते थे लेकिन आज के समय में थोड़ी थोड़ी दूरी पर स्थित खोखों में ये सरलता से उपलब्ध हैं। कोई व्यक्ति नहीं चाहता कि उसका बच्चा नशा करे लेकिन वही व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के बच्चों के लिए ये नशे का सामान बेच रहा है। प्रतिबंधित नशों पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए डॉ. वर्मा ने कहा कि प्रतिबंधित नशा रखना, सेवन करना, क्रय और विक्रय करना दंडनीय अपराध है। हरियाणा पुलिस नशा मुक्त हरियाणा के स्वप्न को साकार करने के लिए दिन रात कार्य कर रही है। उन्होंने ब्यूरो के हेल्पलाइन नंबर 9050891508 का वर्णन किया और कहा कि इस पर गुप्त सूचनाएं देकर नशा मुक्त हरियाणा अभियान में सहयोग करें। कार्यक्रम के मध्य में विद्यार्थियों से विचार प्राप्त कर उन्हें हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अभियान से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि हरियाणा राज्य नारकोटिक्स से जुड़ने के लिए प्रयास से जुड़कर नशा मुक्त हरियाणा में सहभागिता कर सकते हैं। उन्होंने अपना निजी नंबर 9053115315 विद्यार्थियों के साथ साँझा करते हुए बताया कि पुलिस जनता की सेवा सुरक्षा और सहयोग के लिए है। उन्होंने बताया कि आधुनिक पुलिस जनता के सहयोग से अपराध मुक्त हरियाणा के निर्माण में सबसे आगे है।

# मंडियों में गेहूं की खरीद के साथ उठान पर दें ध्यान : जिलाधीश विक्रम सिंह

अटल हिंद/योगेश गर्ग




**फरीदाबाद, 19 अप्रैल।** जिलाधीश विक्रम सिंह की अध्यक्षता में गेहूं की खरीद और लिफ्टिंग के बेहतर क्रियान्वयन के लिए बैठक आयोजित की गई। विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में गेहूं खरीद के साथ-साथ लिफ्टिंग पर अधिक विशेष ध्यान दें। ताकि मंडियों में किसानों और व्यापारियों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना आए। उन्होंने कहा कि डेलीबेसिज पर संबंधित एसडीएम मंडी से खरीद और उठान कार्यों की समीक्षा व निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद की अध्यक्षता में गठित कमेटी बल्लभगढ़, मोहना, फतेहपुर बिल्लौच, खेड़ी कला सहित सभी मंडियों में खरीद, उठान और पेयमेंट संबंधित तमाम व्यवस्थाओं को सुचारू रूप से क्रियान्वित करने के लिए मॉनिटरिंग करेगी। विक्रम सिंह ने कहा कि एफसीआई के अधिकारी को ट्रकों की लोडिंग और अनलोडिंग के कार्यों में तेजी लाना सुनिश्चित करें और रोड मूवमेंट डेलीबेसिज पर चेकिंग करते रहे। वहीं जो भी ठेकेदार ढिलाई बरतता पाए जाने पर उसके खिलाफ तुरंत कार्यवाही करें। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि सरकारी हिदायतों के अनुसार फसलों के रबी सीजन के दौरान जिला की मंडियों में खरीद का कार्य गत एक अप्रैल से किया जा रहा है और अब लिफ्टिंग के कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें। ताकि किसानों, व्यापारियों और आम जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि जमींदारों, आढतियो को मण्डियो में कोई परेशानी नहीं आनी चाहिए। वहीं प्रत्येक मण्डी और गोदाम में एक प्रशासनिक नोडल अधिकारी और कर्मचारी की नियुक्ति सुनिश्चित करें। जिलाधीश विक्रम सिंह ने बैठक में जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग,कृषि विपणन बोर्ड, हैफेड, एफसीआई,वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन तथा मंडी एसोसिएशन के पदाधिकारियों से एक एक करके बारीकी से विस्तृत जानकारी ली गई। सरकारी हिदायतों के अनुसार रबी सीजनल फसलों की खरीद फरोख्त और उठान कार्यों के लिए साफ-सफाई, झराई, तुलाई, उठाई, फसलों की आन लाइन प्लेट फार्म प्रणाली के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अदायगी सहित तमाम पहलुओं पर बारीकी से समीक्षा की गई। जिला खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की अधिकारी श्रीमती सीमा शर्मा ने खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा रबी की फसलों के खरीद के लिए सरकारी हिदायतों के अनुसार की जाने वाले संभावित क्रियान्वयन बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वहीं एक एक करके अन्य विभागों और कारपोरेशन के अधिकारियों ने उनके विभागों के द्वारा की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों के क्रियान्वयन की बारीकी से जानकारी दी गई। बता दें कि सरकारी हिदायतों के अनुसार रबी सीजनल फसलों की खरीद फरोख्त और उठान का काम निरंतर चलाया जा रहा है। बैठक में एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, डीएफसी श्रीमती सीमा शर्मा, हैफेड,एफसीआई, वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन और कृषि विपणन बोर्ड के अधिकारी तथा मण्डी एसोसिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# अधिकारी यूपीएससी की परीक्षाएं फ्री एण्ड फेयर करवाने के बने भागीदार : जिलाधीश विक्रम सिंह

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 19 अप्रैल।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में 21 अप्रैल को संघ लोक सेवा आयोग/यूपीएससी द्वारा आयोजित की जाने वाली सीडीएस, एनडीए व नेवल एकेडमी परीक्षा को सुनियोजित ढंग से संपन्न करवाने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैदी से कार्य करना सुनिश्चित करें। जिलाधीश आज शुक्रवार को सेक्टर-12 लघु सचिवालय के सभागार कक्ष में आयोजित रिहर्सल की अध्यक्षता करते हुए प्रशासनिक तथा पुलिस अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि अधिकारी यूपीएससी की परीक्षाएं फ्री एंड फेयर करवाने के भागीदार बनें। विक्रम सिंह ने कहा कि जिला में रविवार को आयोजित होने वाली संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाएं की तैयारियों को लेकर पुलिस और प्रशासन पूर्णतया मुस्तैद है। उन्होंने कहा कि यूपीएससी की 14 केन्द्रों पर तीन शिफ्टों में सीडीएस की और दो शिफ्टों में एनडीए व नेवल एकेडमी की परीक्षाएं आयोजित करवाई जा रही है।

जिलाधीश ने रिहर्सल में परीक्षाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि ड्यूटी पर लगाए गए अधिकारी 21 अप्रैल को होने वाली लिखित परीक्षा के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ले।परीक्षा केन्द्रों पर शौचालयों आदि तमाम सभी व्यवस्था पूरी जांच एक दिन पहले जरूरकरें। परीक्षाओं की पवित्रता तथा कानून व्यवस्था स्थापित करने के लिए केंद्रवार ड्यूटी मजिस्ट्रेट, ट्रांजिट ऑफिसर एवं लोकल इंस्पेक्टिंग ऑफिसर की नियुक्तियां की गई हैं। लिखित परीक्षा के सफल आयोजन के लिए अन्य अधिकारियों द्वारा सभी ऑफिसर एवं मजिस्ट्रेट को जरूरी दिशा निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यूपीएससी की हिदायतों के अनुसार परीक्षाओं में कोताही बरतने वाले लोगों के खिलाफ तुरंत कानूनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। परीक्षा केंद्रों में केवल ड्यूटी देने वाले अधिकारी अन्दर जा सकते हैं। इसके अलावा कोई भी अधिकारी परीक्षा केंद्रों के अन्दर जाने पर यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पूर्णतया पाबंदी है। वहीं पुलिस विभाग की जिम्मेदारी तय करते हुए उन्होंने कहा कि परीक्षा केन्द्रों और अन्य अधिकारियों के लिए पुलिस फोर्स की ड्यूटिया लगा दें। परीक्षा केन्द्रों पर महिला पुलिस फोर्स की ड्यूटी लगाए।

एसडीएम त्रिलोक चंद ने परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए संबंधित अधिकारियों को टिप्स देकर संघ लोक सेवा आयोग/ यूपीएससी द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार दिशा निर्देश ड्यूटी में लगाए गए प्रशासनिक अधिकारियों को देते हुए कहा कि यह काफी संवेदनशील कार्य है। जिसे सभी अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ करना है। वहीं अधिकारी यह जरूर सुनिश्चित करें कि परीक्षा के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही की गुंजाइश ना हो। परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए संघ लोक सेवा आयोग/ यूपीएससी ने जो नियम निर्धारित किए हैं, उनका दृढ़ता से पालन किया जाएगा। यूपीएससी से हरिहर रथ ने कहा कि किसी भी अधिकारी को कोई शंका हो तो उसे समय रहते दूर कर लें। हरिहर रथ ने प्रशासन और पुलिस की परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए की तारीफ करते हुए बताया कि यूपीएससी/संघ लोक सेवा आयोग की 21अप्रैल रविवार को परीक्षा 3 शिफ्ट में आयोजित की जाएगी। इसके लिए जिला में 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं।

# नगराधीश अंकित कुमार ने विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ फ्री एण्ड फेयर चुनाव सम्पन्न करवाने के लिए किए गए प्रबंधों बारे की समीक्षा बैठक

अटल हिंद/योगेश गर्ग



**फरीदाबाद, 19 अप्रैल।** नगराधीश अंकित कुमार ने आज शुक्रवार को लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में जिला फरीदाबाद की विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ फ्री एण्ड फेयर चुनाव सम्पन्न करवाने हेतु समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों का जिला प्रशासन सम्पूर्ण समर्थन करते है और आयोग के अनुसार जिला फरीदाबाद में सभी राजनीतिक पार्टियों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार को भी अपने आप को आयोग के हिदायतों के अनुसार ढाल लेना चाहिए जिससे जिला में चुनावों का निष्पक्ष चुनाव और साफ़ सुथरा माहौल बना रहे और आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करें। ऐसा न करने पर उनके विरुद्ध प्रशासनिक कार्यवाही एवं एफ.आई.आर. भी दर्ज हो सकती है।

उन्होंने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के उम्मीदवारों को चुनाव आयोग ने साफ किया है कि अपने नामांकन पत्र को भरते समय उम्मीदवार पूरी सावधानी बरतें और नामांकन पत्र का कोई भी कॉलम खाली न छोड़ें। ऐसा करने वालों पर नामांकन पत्र अवैध माना जाएगा। ऐसे नामांकन फॉर्म खारिज कर दिए जाएंगे। प्रत्याशियों की ओर से दाखिल किए जाने वाले नामांकन पत्र और उसके साथ संलग्न किए जाने वाले शपथ पत्र की बारीकी से जांच की जाएगी। सूचना के अधिकार कानून के अनुच्छेद-33ए का जिक्र करते हुए कहा गया है कि उम्मीदवार को नामांकन पत्र में केस के संबंध में स्पष्ट उल्लेख करना होगा। बताना होगा कि वह किसी आपराधिक मामले में दो साल या इससे अधिक की सजा पा चुका है या फिर उसे किसी मामले में एक साल या इससे अधिक की सजा मिल चुकी है?

### नामांकन करने वाले उम्मीदवार की योग्यता

भारतीय कानून के तहत नामांकन करने वाला उम्मीदवार निम्नलिखित रूप से योग्य होना चाहिए। भारत का नागरिक होना चाहिए, आयु कम से कम 25 वर्ष होनी चाहिए, चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित नहीं होना चाहिए, लोकसभा की स्थिति में उसका नाम भारत के किसी भी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में दर्ज होना चाहिए, दिवालिया या पागल घोषित नहीं होना चाहिए, तथा सरकारी लाभ के पद पर नहीं होना चाहिए। लोकसभा के चुनाव में जनरल उम्मीदवार द्वारा राशि 25,000/- की राशि और सामान्य जाति के उम्मीदवार के रूप में राशि 12,500/- जमा करवानी होगी। प्रत्येक उम्मीदवार को अपने नामांकन पत्र (5) के साथ अपनी तस्वीर जमा करनी होती है।

## दैनिक पंचांग

**20 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.15 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृष | 06.59 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 08.57 बजे से |
| बुध | मीन में | कर्क | 11.11 बजे से |
| गुरु | मेष में | सिंह | 13.27 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 15.39 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 17.50 बजे से |
| राहु | मीन में | वृश्चिक | 20.04 ब.से |
| केतु | कन्या में | धनु | 22.20 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 00.25 बजे से |
| 9.00 से 10.30 बजे तक | | कुंभ | 02.12 बजे से |
| | | मीन | 03.45 बजे से |

**शनिवार** 2024 वर्ष का 111 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वादशी 22.42 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाफाल्गुनी 14.04 बजे को समाप्त। **योग** ध्रुव 02.47 बजे रात्र को समाप्त। **करण** बव 09.24 बजे तदनन्तर बालव 22.42 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 11.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 11° 37' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1871955 **जूलियन दिन** 2460420.5 **कलियुग संवत्** 5125 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2550 **हिजरी सन्** 1445 **महीना** सव्वाल **तारीख** 10 **विशेष** वामन द्वादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 | से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 | से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 | से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 | से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 | से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 | से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 | से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 | से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 | से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 | से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 | से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 | से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 | से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 | से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 | से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 | से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■Jagrutidaur.com, Bangalore

## आज का राशिफल

| | | |
|---|---|---|
| मेष राशि :- कुछ विद्युत कार्य करेगा, कुटुम्ब में घोर अशांति बनेगी, कार्य बना लें। | वृष राशि :- स्त्री वर्ग से चिन्ता, तनाव, क्लेश तथा मानसिक उद्विघ्नता अवश्य ही बनेगी, ध्यान दें। | मिथुन राशि :- तनाव, क्लेश व अशांति, मानसिक विभ्रम तथा अनावश्यक उद्विघ्नता बनेगी। |
| कर्क राशि :- भाग्य का सितारा साथ देगा, बिगड़े कार्य अवश्य ही बन जायेंगे, योजना बनेगी। | सिंह राशि :- आशानुकूल सफलता का हर्ष होगा तथा कार्य में सुधार अवश्य ही होगा। | कन्या राशि :- क्लेश व अशांति, कार्य-व्यवसाय में बाधा अवश्य होगी, भ्रमण होगा। |
| तुला राशि :- मानसिक उद्विघ्नता, स्वास्थ्य नरम रहेगा, धन का व्यर्थ व्यय होगा। | वृश्चिक राशि :- तनाव, क्लशे व अशांति, मानसिक बेचैनी, धन का व्यर्थ व्यय होगा। | धनु राशि :- चिन्तायें कम हों, इष्ट मित्र सुख वर्धक होंगे, तनाव, क्लेश व अशांति अवश्य बनेगी। |
| मकर राशि :- धन कष्ट, व्यय, चोटादि की संभावना, सतर्कता बरतें, समय का ध्यान रखें। | कुंभ राशि :- कार्य-कुशलता से संतोष एवं समृद्धि के योग अवश्य ही बनेंगे, ध्यान दें। | मीन राशि :- भाग्य का सितारा मंद रहे, तनाव, क्लेश व अशांति होगी, ध्यान दें। |

# किसानों के दुख दर्द को नहीं सुन रही सरकार : मनधीर सिंह मान

अटल हिंद संवाददाता



**फरीदाबाद, 19 अप्रैल।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनधीर सिंह मान लगातार लोगो से जनसंपर्क साध रहे है। इसी कड़ी मे आज मनधीर सिंह मान फरीदाबाद लोकसभा क्षेत्र की मंडियों का दौरा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने किसानों से भी उनका हाल-चाल जाना। मान ने गांव मोहना की मंडी का दौरा किया वहा पर किसान के अनाज को खुले आसमान के नीचे देखकर मनधीर सिंह मान ने भाजपा सरकार की योजनाओं को खोखला बताया। उन्होंने आगे कहा कि सरकार केवल किसान की मदद का दिखावा करती है।

किसान का पसीना सूखने से पहले उनको उसकी मेहनत का फल मिल जाना चाहिए लेकिन इस सरकार में 10 – 10 दिन तक अनाज का पैसा नही मिलता है। 72 घंटे में किसानों के अनाज का पैसा देने का दावा करने वाली सरकार के दावे खोखले नजर आ रहे हैं। 10 दिन पहले खरीदे गए गेहूं के पैसे अभी तक किसानों के खाते में नहीं पहुंचे हैं। मनधीर मान ने सरकार पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि झूठ और जुमले की सरकार ने बस किसानों की तकलीफें बढ़ा दी है । उन्होंने कहा कि किसान पूरे साल खेत में मेहनत करके पीला सोना उगता है ताकि लोगों के पेट की आग बुझाई जा सके और साल भर इस बात को लेकर भी इंतजार करता है कि जब उसकी फसल बिकेगी तो वह अपने बच्चों की शादी और बच्चों की फीस भी जमा कर आएगा लेकिन कमाल की बात है कि जो सरकार लगातार किसानों के भले का दावा करती है उस सरकार में किसान धक्के खाने को मजबूर हैं। इस सरकार ने किसान को कर्जदार बना दिया है। इस सरकार में पूरे देश का किसान परेशान है। बॉर्डर पर जवान परेशान है और देश में बेरोजगार इंसान परेशान है ।

# डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह द्वारा एनआईटी ज़ोन की ईआरवी टीम की मीटिंग लेकर कानून व्यवस्था के संबंध में दिए आवश्यक निर्देश

अटल हिंद संवाददाता



**फरीदाबाद, 19 अप्रैल।** डीसीपी एनआईटी की अध्यक्षता में एनआईटी जॉन के सभी थाना की ईआरवी टीम की मीटिंग का आयोजन किया गया। इस बैठक में एनआईटी जोन में बेहतर कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए उचित कदम उठाए गए। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि डीसीपी एनआईटी कुलदीप सिंह ने पुलिस टीम को निर्देश देते हुए कहा कि वह अपने-अपने क्षेत्र में नियमित गस्त करें जिससे एनआईटी जोन में होने वाली चोरी तथा स्नैचिंग जैसी वारदातों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने कहा कि पुलिस को देखकर अपराधी किसी प्रकार की वारदात को अंजाम देने की हिम्मत नहीं करते और पुलिस एरिया में जितनी अधिक दिखाई देगी अपराधियों के हौसले उतने ही पस्त होंगे। रात के समय यदि कोई महिला, बच्चे या बुजुर्ग अकेले मिले और उनका घर पहुंचने का कोई साधन नहीं मिल रहा हो या उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई का सामना करना पड़ रहा हो तो उनको सुरक्षित घर पहुंचाया जाए। यदि गस्त के दौरान कोई लड़ाई झगड़ा या कोई एक्सीडेंट होता हुआ दिखाई दे उसकी इवेंट स्वयं बनाकर संबंधित थाना को सूचित किया जाए तथा घायलो को अस्पताल पहुंचाया जाए।

# यातायात पुलिस ने छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों वा डायल 112 ऐप के बारे में किया जागरूक

अटल हिंद संवाददाता



**फरीदाबाद, 19 अप्रैल।** डीसीपी ट्रैफिक उषा के दिशा निर्देश के तहत ट्रैफिक टीआई ग्रेटर सतीश कुमार ने दिल्ली स्कोलर ईन्ट्रनेशनल स्कूल सै 88 मे छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के संबंध में जागरुक करते हुए जानकारी प्रदान की। इस कार्यक्रम में स्कूल प्रर्धानाचार्य संगीता ककर, पवन, प्राची जोशी, कुनाल कपुर स्टाफ वा 150 छात्र व छात्राओं ने भाग लिया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि यातायात पुलिस द्वारा आमजन के साथ-साथ छात्रों को भी यातायात नियमों के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क पर हमें सावधानी से चलना चाहिए। अपने वाहन को हमेशा गति सीमा में ही ड्राइव करना चाहिए। अपनी लेन मे चलाएं तथा वाहन चलाते समय फोन का इस्तेमाल ना करे साथ ही वाहन में ऊंची आवाज में संगीत न बजाएं। गाड़ी चलाते समय स्वयं यातायात नियमों का पालन करे सावधानी बरतें और दूसरों का बचाव करें।

## एक नजर

### क्राइम ब्रांच बॉर्डर ने देसी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

**अटल हिंद संवाददाता/फरीदाबाद, 19 अप्रैल।** पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा शहर में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा बॉर्डर प्रभारी जितेंद्र की टीम ने अवैध हथियार के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम छिंदर है जो छान्यसा गांव का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को छान्यसा थाना एरिया से अवैध हथियार सहित काबू किया था। आरोपी के कब्जे से एक देसी कट्टा बरामद किया गया। आरोपी को थाने लाकर उसके खिलाफ अवैध हथियार अधिनियम की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज करके अदालत में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसमें पुलिस रिमांड के दौरान की गई पूछताछ में जिसमें सामने आया कि आरोपी करीब 20/25 दिन पहले पलवल के बागपुर गांव के रहने वाले एक व्यक्ति से यह कट्टा खरीद कर लाया था जिसकी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

### क्राइम ब्रांच 48 स्नेचिंग के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर वारदात में प्रयोग मोटरसाइकिल की बरामद

**अटल हिंद संवाददाता/फरीदाबाद, 19 अप्रैल।** पुलिस उपायुक्त अपराध हेमेन्द्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियो में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देशानुसार कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा सेक्टर-48 प्रभारी हिमांशु की टीम ने स्नेचिंग के मुकदमे में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम कामिल है जो फरीदाबाद के आलमपुर गांव का रहने वाला है। करीब 2 महीने पहले सेक्टर 17 थाना में स्नैचिंग की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमें आरोपी ने अपने साथी नासिर के साथ मिलकर मोटरसाइकिल पर सवार होकर मेगपाई के पास से एक मोबाइल फोन स्नैच किया था। करीब एक सप्ताह पहले क्राइम ब्रांच की टीम ने इस मामले में आरोपी नासिर को गिरफ्तार किया था जिससे वारदात में छिना गया मोबाइल फोन बरामद किया गया। आरोपी कामिल पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए फरार चल रहा था जिसे क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर सैनिक कॉलोनी के पास से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयोग स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस पूछताछ पूरी होने के पश्चात आरोपी को अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

### फरीदाबाद पुलिस ने 31 साल से डकैती के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**अटल हिंद संवाददाता/फरीदाबाद, 19 अप्रैल।** डीसीपी बल्लबगढ़ अनिल कुमार के दिशा निर्देश के तहत कार्रवाई करते हुए छायंसा थाने की टीम ने वर्ष 1993 के डकैती के मुकदमे में फरार चल रहे आरोपी पीओ को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपों का नाम इस्लाम है जो उत्तर प्रदेश के जेवर का रहने वाला है। 22 नवंबर 1993 को छायंसा थाने में डकैती की धाराओं के तहत दर्ज मुकदमे में फरार चल रहा था जो पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए अपने ठिकाने बदल रहा था।

# नरवाना में सिरसा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर को किसानों ने दिखाए काले झंडे

अटल हिंद/राजीव





नरवाना, 19 अप्रैल। सिरसा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर को भी शुक्रवार को नरवाना में किसानों के विरोध का सामना करना पड़ा। शुक्रवार को डा. अशोक तंवर नरवाना शहर के दौरे पर थे। भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर का नरवाना दौरे की सूचना जब किसानों को लगी तो काफी संख्या में किसान हाथों में काले झंडे लेकर विश्वकर्मा चौंक पर एकत्रित हो गए। अशोक तंवर का काफिला जैसे ही एल.आई.सी. रोड़ से विश्वकर्मा चौंक होते हुए जींद रोड़ की तरफ बढ़ने लगा तो किसानों ने अशोक तंवर के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर काले झंडे दिखाने शुरू कर दिए। किसानों के विरोध को देखते हुए मौके पर काफी संख्या में पुलिस बल तैनात था। किसानों ने अशोक तंवर की गाड़ी को रोक कर उनका घेराव करने का प्रयास भी किया लेकिन पुलिस के जवानों ने किसानों को एक तरफ हटा कर अशोक तंवर के काफिले को वहां से निकलवाया लेकिन इस दौरान किसान काले झंडे दिखा कर नारेबाजी कर अशोक तंवर का विरोध करते रहे। अखिल भारतीय किसान सभा के प्रदेशाध्यक्ष मास्टर बलवीर सिंह ने कहा कि जिस प्रकार भाजपा सरकार ने किसानों का रास्ता रोककर उनके साथ ज्यादती की है उसी तरह अब भाजपा प्रत्याशियों को किसानों के विरोध का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी जिस भी गांव या शहर में जाएंगे, उन्हें किसानों का सामना करना पड़ेगा। किसान हर जगह उनका विरोध जारी रखेंगे। मास्टर बलवीर सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के साथ किए गए वायदे पूरे न करके जो वायदाखिलाफी की है उसका खामियाजा भाजपा को लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

# डोर टू डोर अभियान चलाकर नशा के दुष्परिणामों बारे जागरूक कर रही पुलिस

**सीवन, गोविंदपुरा, खरौदी व थेह मुकेरिया में आमजन को नशा ना करने बारे किया जागरूक**

अटल हिंद संवाददाता



कैथल, 19 अप्रैल। नशा मुक्त हरियाणा मुहिम के तहत समाज को नशा मुक्त करने के उद्देश्य से एसपी उपासना के निर्देशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत पुलिस टीम द्वारा कैथल जिले में आमजन को नशे के दुष्परिणामों बारे लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी मुहिम तहत जागरूकता टीम में शामिल एचसी सुनील कुमार द्वारा डोर टू डोर अभियान चलाकर सीवन, गोविंदपुरा, खरौदी व थेह मुकेरिया में मौजिज व्यक्तियों सहित आमजन को नशे के प्रति जागरूक करने के साथ साथ इस अभियान को सफल बनाने में आमजन से सहयोग की अपील की है। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह टीम गांव गांव जाकर हर दिन कार्यक्रम कर रही है। आमजन भी इस मुहिम में पुलिस का साथ दे रहे है तथा पुलिस की इस कल्याणकारी मुहिम की प्रशंसा कर रहे है। डीएसपी ने कहा कि नशा एक सामाजिक बुराई है, जो नशा किसी के लिए भी हितकारी नहीं हो सकता। नशे की लत में पड़ गया व्यक्ति अपने दृढ संकल्प से इस बुराई को छोड़ सकता है। पुलिस द्वारा जहां पर नशा तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशे के आदि व्यक्ति का नशा छुडवाने का हर संभव प्रयास किया जा रहा है। पुलिस द्वारा जिले में नशे से पीड़ित व्यक्तियों की काउंसलिंग करवाई जा रही है। डीएसपी ने कहा कि युवावर्ग को भी खेल या अन्य गतिविधि में बेहतरीन कार्य करके अपने माता पिता, गांव समाज का नाम रोशन करना चाहिए। नशा मुक्त व अपराध मुक्त समाज की स्थापना के लिए हम सभी को मिलकर कदम उठाने होंगे। पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई कर रही है। मगर लोगों में नशा के खिलाफ जागरूकता पैदा करने तथा इस अभियान की शत प्रतिशत सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। आमजन नशे से संबंधित कोई भी सूचना पुलिस को दे। सूचना देने वाले का नाम पता गुप्त रखा जाएगा।

# एक नजर

## अशोक बुवानीवाला बने हरियाणा प्रदेश कांग्रेस औद्योगिक सैल के प्रदेशाध्यक्ष



**अटल हिंद संवाददाता/कुरुक्षेत्र 19 अप्रैल।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के जिला अध्यक्ष अशोक गर्ग एवं उनके सहयोगियों ने अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला को उनकी नई नियुक्ति के लिए शुभकामनाएं दी हैं। जिला अध्यक्ष अशोक गर्ग के अनुसार अशोक बुवानीवाला को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी में औद्योगिक सैल का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह जानकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदय भान द्वारा जारी नियुक्ति पत्र से मिली है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आशा व्यक्त की है कि अशोक बुवानीवाला की नियुक्ति से प्रदेश में कांग्रेस संगठन को मजबूती मिलेगी। अपनी नियुक्ति पर अशोक बुवानीवाला ने भी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा और राज्यसभा सदस्य दीपेंद्र हुड्डा का आभार व्यक्त किया है।

## गर्मियों में भी खादी कपड़ों की जबरदस्त डिमाण्ड



**अटल हिंद संवाददाता/कुरुक्षेत्र 19 अप्रैल।** किसी समय खादी की बिक्री का स्तर काफी गिर गया था लेकिन आज पूरे देश में खादी के कपड़ों में जबरदस्त वृद्धि हुई है। खादी को हर आयु वर्ग के लोगों द्वारा पसंद किया जा रहा है। विशेषकर गर्मी के मौसम में भी खादी बिक्री केन्द्रों की सेल बहुत अधिक बढ़ गई है। स्थिति यह है कि खादी केन्द्र संचालक ग्राहकों की डिमाण्ड भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। खादी ग्रामोद्योग संघ नरड़ मिर्जापुर के मुख्य व्यवस्थापक एवं सचिव सतपाल सैनी ने बताया कि आजकल खादी सेल काउण्टर पर ग्राहकों की अच्छी रौनक है। उन्होंने बताया कि युवाओं की भी खादी विशेष पसंद बनी है। खादी के आधुनिक डिजाइनों में शर्ट्स, टी शर्ट्स, लड़कियों के जींस के साथ शॉट शर्ट्स, लोअर, लहंगा व कुर्ती इत्यादि की भी ख़ास डिमांड बनी हुई है। उन्होंने बताया कि विशेषकर उनके बिक्री केन्द्र पर गर्मी के मौसम में खादी के कपड़ों की अच्छी बिक्री हो रही है। इतनी अधिक बिक्री है कि वे सेल काउण्टर की डिमाण्ड भी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। देश के प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से ही खादी की बिक्री में वृद्धि हुई है और खादी ने मार्किट में अन्य ब्रांडिड कपड़ों को पछाड़ दिया है। खादी स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत ही बेहतर है। खादी की तासीर ऐसी है कि यह गर्मियों में ठण्डी तथा सर्दियों में गर्म रहती है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सपने के अनुसार खादी देश के घर घर में पहुंच रही है। इस मौके पर धर्मेंद्र शर्मा, राजेंद्र सिंह, विनोद कुमार, साबिर अली, बलवान सिंह, सुनील कुमार इत्यादि भी मौजूद रहे।

## विद्यार्थियों को प्रतिभा दिखाने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करता क्रोइसैन्स: प्रो. संजीव शर्मा

**अटल हिंद संवाददाता/कुरुक्षेत्र 19 अप्रैल।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मैनेजमेंट का प्रमुख व्यावसायिक और सांस्कृतिक उत्सव, क्रोइसेंस 2024, का बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम, वॉक ऑफ फेम शो के साथ संपन्न हुआ। समापन समारोह के मुख्यातिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव शर्मा ने कहा कि यह अनोखा आयोजन सबसे प्रतिष्ठित संस्थानों के प्रतिभागियों को एक साथ लाने और व्यावसायिक कौशल, संगीत, नृत्य, क्विज़िंग, खेल, खाना पकाने, पेंटिंग, रचनात्मकता और साहित्य गतिविधियाँ में अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करता है। यूएसएम की इवेंट डायरेक्टर और चेयरपर्सन प्रोफेसर निर्मला चौधरी ने कहा कि यह विभाग की समग्र दृष्टि का एक प्रमाण है, जो अकादमिक कौशल और पाठ्येतर दक्षताओं दोनों का पोषण करता है।

## रेहड़ी मार्किट के पास कपड़े में लिपटी लाश के हत्या आरोपी को पकड़ा गया

**अटल हिंद संवाददाता/कुरुक्षेत्र 19 अप्रैल।** जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार रात पुलिस को सूचना मिली थी कि सैक्टर-17 में रेहड़ी मार्किट के पास कपड़े में लिपटी एक नाश मिली है। सूचना पर पुलिस टीम व पुलिस अधिकारी मौका पर पहुंचे। जांच की तथा परिवारजनों को सूचित किया। परिजनों के सहयोग से नाश को एलएनजेपी हस्पताल कुरूक्षेत्र पहुंचाया जहां पर डाक्टरों ने चैक करने पर मृत घोषित कर दिया। मृतक का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले किया गया। मृतक के भाई सुरेन्द्र पुत्र नरसिंह वासी सुन्दरपुर की शिकायत पर थाना कृष्णा गेट में धारा 302 आईपीसी व एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज करके जांच डीएसपी मुख्यालय अशोक कुमार को दी गई। डीएसपी मुख्यालय की टीम द्वारा मामले की जांच तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले में धारा 302 व एससीएसटी एक्ट हटाई गई और धारा 304/201 जोड़ी गई। बाद में मामले की जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 को सौंपी गई। कल वीरवार को आगामी जांच के दौरान अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के मार्ग-निर्देश में सहायक उप निरीक्षक सुधीर कुमार की टीम ने गैर इरादतन हत्या मामले के आरोपी शुभम पुत्र माया राम वासी सौदागर मौहल्ला थानेसर को गिरफ्तार कर लिया।

# सुल्तानपुर महाविद्यालय में किया गया पौधारोपण

**चैत्र का महीना प्रकृति के नवसंचार का समय**

**वृक्षारोपण हेतु विद्यार्थी वर्ग खासा उत्साहित दिखाई दिया**

अटल हिंद संवाददाता



फरुखनगर 19 अप्रैल । राजकीय महाविद्यालय सुल्तानपुर के इको क्लब के तत्वाधान में वृक्षारोपण का आयोजन कराया गया। प्राचार्या श्रीमती कुसुम लता जी के संरक्षण तथा इतिहास विभाग की प्राध्यापिका सुश्री लम्हा बानो जी के संयोजन में आयोजित वृक्षारोपण हेतु विद्यार्थी वर्ग खासा उत्साहित दिखाई दिया। पर्यावरण संरक्षण हेतु आयोजित इस कार्यक्रम में समूचे महाविद्यालय परिवार ने अपनी सहभागिता करते हुए पापड़ी, चमेली आदि के वृक्षों को लगाया। महाविद्यालय के ऑडिटोरियम के सामने स्थित उद्यान में आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्राचार्या श्रीमती कुसुम लता जी ने कहा कि चैत्र का महीना प्रकृति के नवसंचार का समय है। वनों के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि वृक्षों पर ही मानव जीवन आश्रित है। उन्होंने कहा कि स्नातक पाठ्यक्रम में शामिल एनवायरमेंटल स्टडीज की पढ़ाई को धरातल पर उतरने के सर्वाधिक प्रभावशाली कार्यों में से वृक्षारोपण भी एक है। इस कार्यक्रम में डॉ ललिता गौड़, रोहित शर्मा, डॉ स्वाति हुड्डा, डॉ हेमलता, पूजा कुमारी, दिनेश बेड़ा, सीमा चौधरी, अनुपमा आदि महाविद्यालय के प्राध्यापक उपस्थित रहे।

# पटौदी कोर्ट परिसर में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित

**एडवोकेट्स, पुलिस व अन्य ने 55 यूनिट ब्लड डोनेट किया**

**ब्लड डोनेट किया जाना वास्तव में बहुत ही पुण्य का कार्य**

अटल हिंद/फतह सिंह उजाला



पटौदी 19 अप्रैल । शुक्रवार को पटौदी सबडिवीजन कोर्ट परिसर में ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। इस ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन डीएलएसए गुरुग्राम, पटौदी बार एसोसिएशन के तत्वाधान में लायंस क्लब के सहयोग से किया गया। शुक्रवार को आयोजित इस ब्लड डोनेशन कैंप में एडवोकेट्स मेंबर, पुलिस कर्मियों तथा अन्य लोगों के द्वारा निर्धारित समय के दौरान 55 यूनिट ब्लड डोनेट किया गया। ब्लड डोनेट करने वालों में महिला एडवोकेट्स भी विशेष रूप से शामिल रहे। इस मौके पर लायंस ब्लड यूनिट की डॉक्टर मोनिका ने बताया ब्लड डोनेट किया जाने के लिए दाता का कम से कम साढे 12 हीमोग्लोबिन होना जरूरी है। वही कम से कम 50 किलो वजन भी ब्लड डोनर का होना चाहिए। डोनेट किया गया ब्लड एक निश्चित टेंपरेचर पर 42 दिन तक स्टोरेज किया जा सकता है । उन्होंने बताया मानव के ब्लड में प्लेटलेट भी होती है , जो की 5 दिन तक उपयोग में लाई जानी चाहिए। इसी प्रकार से प्लाज्मा भी एक वर्ष तक उपयोग किया जा सकता है । रेड सेल 42 दिन के अंदर अंदर इस्तेमाल किए जाने चाहिए । ब्लड लेने से पहले दाता के विषय में पूरी जानकारी प्राप्त की जाती है। इस मौके पर पटौदी बार एसोसिएशन के प्रेसिडेंट एडवोकेट विशाल सिंह चौहान ने बताया पटौदी बार के द्वारा नियमित अंतराल पर ब्लड डोनेशन कैंप यहां पटौदी कोर्ट परिसर में आयोजित किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा एक स्वस्थ आदमी 3 महीने में ब्लड डोनेट कर सकता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ब्लड डोनेट करने वाले का स्वास्थ्य अन्य के मुकाबले बेहतर देखा जा सकता है। मानव रक्त केवल और केवल मानव शरीर में ही उत्पन्न होती है यह किसी भी उद्योग अथवा फैक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता। सही मायने में ब्लड डोनेट किया जाना अपने आप में बहुत ही पुण्य का कार्य है। कैंप में सभी ब्लड डोनर को प्रमाण पत्र भी उपलब्ध करवाई गई।

# मिनर्वा हाई स्कूल में सहजयोग पद्धति द्वारा कुंडलिनी जागृति करके ध्यान के फायदे बताये



अटल हिंद संवाददाता

कुरुक्षेत्र 19 अप्रैल। आज मोहन नगर स्थित मिनर्वा हाई स्कूल में सहजयोग पद्धति द्वारा कुंडलिनी जागृति यानी आत्म साक्षात्कार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। साथ ही अध्यापकों व छात्रों को सहजयोग ध्यान के फायदे बताये। ध्यान केंद्र कुरुक्षेत्र के समन्वयक आशुतोष गौड़ ने बताया कि सभी सहजयोगी साधकों ने कक्षा-कक्ष अनुसार 5 से 10वीं के सभी बच्चों को सहजयोग ध्यान की फाऊंडर माताजी निर्मला देवी द्वारा प्रदत्त सहजयोग के बारे में अवगत करवाया एवं कुंडलिनी जागृति यानी आत्म साक्षात्कार की अनुभूति करवाई। स्कूल के प्रधानाचार्य राजीव चावला ने कहा कि छात्रों के लिए सहजयोग जैसा शुद्ध ध्यान बहुत जरूरी है जिसको करने से छात्र वर्तमान काल में रहकर अपनी पढ़ाई अच्छी तरह से कर सकता है। प्रधानाचार्य ने आश्वासन दिया कि वे नित्य अपने विद्यालय में सहज योग पद्धति द्वारा ध्यान क्रिया करवाएंगे, जिसका विद्यार्थी ज्यादा से ज्यादा लाभ उठा सकें। इस कार्यक्रम में सुधीर, मानवी, आयुष, सुरेंद्र, नरेंद्र शर्मा, बलविंदर कौर एवं रूपचंद आदि उपस्थित रहे।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी द्वारा फेसबुक लाइव के ज़रिये पंजाब के वोटरों के साथ बातचीत

अटल हिंद संवाददाता




चंडीगढ़, 19 अप्रैलः लोक सभा मतदान 2024 के दौरान चुनाव प्रक्रिया को और ज्यादा कुशल, पारदर्शी बनाने और वोटरों को जागरूक करने और उनके कीमती सुझाव लेने के लिए अपनी किस्म की पहलकदमी के अंतर्गत मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने आज 'टॉक टू योर सी. ई. ओ. पंजाब' विषय के अंतर्गत फेसबुक लाइव सैशन के दौरान पंजाब के लोगों के साथ बातचीत की।

इस सैशन के दौरान मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वोटरों के अलग-अलग सवालों के जवाब दिए और 'इस बार 70 पार' के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए उनको वोटिंग प्रक्रिया में सक्रियता से हिस्सा लेने की अपील करते हुये चुनाव आचार संहिता के किसी भी तरह का उल्लंघन सम्बन्धी आयोग को रिपोर्ट करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि 2019 के लोक सभा मतदान के दौरान पंजाब की वोट प्रतिशतता 65.96 फीसद रही थी और अब लोक सभा मतदान 2024 के दौरान यह लक्ष्य 70 फीसद निश्चित किया गया है। सिबिन सी ने यह भी बताया कि नौजवान वोटर अपनी वोट 4 मई, 2024 तक बना सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के दफ़्तर को अब तक चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन सम्बन्धी 1600 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका निपटारा कर दिया गया है। इसके साथ ही आयोग को सी-विजल एप पर 1059 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 733 सही पायी गई और निर्वाचन आयोग की हिदायतों अनुसार 100 मिनटों के अंदर-अंदर 689 शिकायतों का निपटारा कर दिया गया है। उन्होंने लोगों को सी- विजल एप, टोल-फ्री नंबर 1950 और भारत निर्वाचन आयोग के राष्ट्रीय शिकायत सेवा पोर्टल ( एन. जी. एस. पी.) के द्वारा उल्लंघनाओं की रिपोर्ट करने की अपील की। पंजाब में पोलिंग के दौरान गर्मी से राहत सम्बन्धी पूछे एक सवाल के जवाब में मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि इसकी तरफ विशेष ध्यान दिया जा रहा है और वोटरों को अत्यधिक गर्मी से राहत देने के लिए पोलिंग स्टेशनों में मीठे जल (छबील) का प्रबंध किया जायेगा। उन्होंने आगे बताया कि वोटरों को गर्मी से राहत देने के लिए हर पोलिंग स्टेशन पर वाटर कूलर, पंखे, बैठने का प्रबंध और शैड होंगे। यदि वोट डालने के लिए पंक्ति में 10 से अधिक लोग लगे होंगे तो बैठने के लिए कुर्सी की सुविधा प्रदान की जायेगी। सिबिन सी ने आगे बताया कि बच्चों के लिए विशेष करैच्च रूम, बुजुर्गों और गर्भवती महिलाओं के लिए अलग कतारों और हर पोलिंग स्टेशन पर कम से कम एक व्हीलचेयर की उपलब्धता को यकीनी बनाया जायेगा।

# गांव खांडसा में आपसी झगड़े के दौरान हुई 02 व्यक्तियों की मृत्यु

**घटना में जान गवाने वाले सुनील को पांच गोलियां लगी**

**दोनों पक्षों की तरफ से दी गई शिकायत पर मामला दर्ज जांच जारी**

अटल हिंद/फतह सिंह उजाला



गुरुग्रामः 19 अप्रैल । गुरुवार 17 अप्रैल को पुलिस थाना सैक्टर-37, गुरुग्राम की पुलिस टीम को एक सूचना गांव खांडसा, गुरुग्राम में साबुन फैक्ट्री के सामने गोली मारकर 01 व्यक्ति की हत्या होने के सम्बन्ध में प्राप्त हुई। सूचना पाकर पुलिस थाना सैक्टर-37, गुरुग्राम की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची, जहां पर एक व्यक्ति दिनेश उर्फ टिम्मू (उम्र-34 वर्ष) मृत अवस्था में मिला तथा एक अन्य व्यक्ति सुनील गोली लगने से घायल हुआ है । जिसको अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गोली लगने से घायल सुनील (उम्र-55 वर्ष) की भी अस्पताल में मृत्यु हो गई। वारदात की जानकारी मिलने पर एसीपी क्राइम वरुण दहिया सहित अन्य पुलिस अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का निरीक्षण किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया पुलिस टीम द्वारा पुलिस की सीन-ऑफ-क्राइम, एफ.एस.एल. व फिन्गरप्रिंट की टीमों को घटनास्थल पर बुलवाकर घटनास्थल का निरिक्षण किया गया। उपरोक्त घटना के संबंध में दोनों पक्षों (मृतक सुनील के बेटे तथा मृतक दिनेश उर्फ टिम्मू के पिता) की तरफ से प्राप्त हुई शिकायत पर थाना सैक्टर-37, गुरुग्राम में हत्या से संबंधित धाराओं के तहत अलग-अलग 02 अभियोग अंकित किए गए हैं। उपरोक्त वारदात में मृतक सुनील को 05 गोली लगी थी।

पुलिस टीमों द्वारा संबंधित वारदात के संबंध में सूचनाओं एकत्रित की जा रही है। नियमानुसार आगामी कार्यवाही की जाएगी।

# गुरुग्राम की हरियाणा में सबसे बड़ी जीत होगी : राव इंद्रजीत

## बीजेपी से पहले की सरकार में होता था जातिवाद का नारा

अटल हिंद संवाददाता



गुरुग्राम। हरियाणा में लोकसभा चुनाव के लिए एक-एक दिन काम हो रहा है । वहीं तापमान में भी तेजी से बदलाव दिखाई दे रहा है । दूसरी ओर गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र में चुनाव को लेकर जो गर्मी दिखाई देनी चाहिए थी, वह अभी दिखाई नहीं दे रही है । इसका मुख्य कारण है मुख्य विपक्षी दल अथवा भाजपा एनडीए के मुकाबले कांग्रेस इंडिया का उम्मीदवार का चेहरा और नाम सामने नहीं आना। गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह उम्मीदवार घोषित किया जाने के बाद साइबर सिटी गुरुग्राम दूसरी बार पहुंचे । गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र के अपने केंद्रीय चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया जाने के बाद पत्रकारों से बात करते हुए राव इंद्रजीत सिंह ने अपनी जीत के प्रति आस्वस्त होते हुए कहा, गुरुग्राम संसदीय क्षेत्र की हरियाणा में सबसे बड़ी जीत होगी। उन्होंने कहा बीजेपी का उम्मीदवार होने के नाते कह सकता हूं कि हरियाणा में सबसे अधिक वोटो से जीत गुरुग्राम में ही होगी । पीएम मोदी के कार्यकाल और भाजपा सरकार के द्वारा जनहित के किए गए कार्य आज मोदी की गारंटी बन चुके हैं । कोरोना महामारी के बाद 2022 और 2023 के दौरान भारत की इनकम अथवा अर्थव्यवस्था साढे 6 फ़ीसदी बढ़ी है । जबकि अमेरिका और ब्रिटानिया जैसे देशों की इनकम दो प्रतिशत ही आगे बढ़ सकी । एक सवाल के जवाब में राव इंद्रजीत सिंह ने कहा मेवात में इस बार पहले के मुकाबले अधिक वोट मिलने की उम्मीद है । मेवात क्षेत्र से भाजपा कार्यकर्ताओं, पदाधिकारी सहित आम लोगों की भी आवाज आ रही है । इस बार डेढ़ लाख से अधिक वोट भाजपा को मिलनी चाहिए । उन्होंने सवालों के जवाब में कहा जाति पाति का नारा भाजपा से पहले की सरकार में ही होता था । भाजपा का नारा सबका साथ और सबका विकास है । हरियाणा में ही विभिन्न संसदीय क्षेत्र में किसानों के द्वारा भाजपा उम्मीदवारों के विरोध के सवाल का जवाब देते हुए राव इंद्रजीत सिंह ने कहा , आज के दिन कई जगह किसान खफा है ।

# संपादकीय

## इजराइल का ईरान पर हमला विश्व में मचेगा हाहाकार

इजरायल ने ईरान के ऊपर जबाबी हमला कर दिया है। इस जवाबी हमले के बाद सारी दुनिया के देशों में हाहाकार मचना तय है। इजराइल ने ईरान के कई शहरों और एयरपोर्ट पर खतरनाक मिसाइलों से हमला किया है। ईरान के इसाफहान शहर के एयरपोर्ट पर जबरदस्त धमाका सुना गया है। यहीं पर ईरान की न्यूक्लियर साइड भी मौजूद है। इस हमले के दो महत्वपूर्ण प्रभाव सारी दुनिया के देशों में होंगे। पहला कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने से तेल के दाम बड़ी तेजी के साथ बढ़ेंगे। इसमें दुनिया के वह देश जो इस लड़ाई में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं हैं, उनके ऊपर भी इस युद्ध का असर होगा। दूसरा जो देश प्रत्यक्ष रूप से इस युद्ध में भाग लेंगे या समर्थन दे रहे हैं उन देशों को भी इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भारत के लिए यह बड़ी चिंता का विषय है। भारत के संबंध ईरान और इजराइल दोनों के साथ हैं। गुरुवार की रात को इजराइल ने ईरान के इसाफ़न प्रांत में हमला किया है। यहां पर ईरान के परमाणु ठिकाने और यूरेनियम संवर्धन प्रमुख केंद्र हैं। ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव का मामला संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में भी उठा था। सुरक्षा परिषद भी दोनों देशों के तनाव को कम करने में कोई सार्थक भूमिका नहीं निभा पाई। इजराइल के जवाबी हमला करने के बाद भारत को आर्थिक और सामरिक दृष्टि से बड़ा नुकसान होना तय है। ईरान की फौज ने इजराइल का एक माल वाहक जहाज जप्त करके रखा है। इसमें 25 चालक दल में 17 भारतीय थे। ईरान ने मात्र एक महिला चालक को छोड़ा है। शेष सभी ईरान की हिरासत में हैं। इजराइल और ईरान लंबे समय से एक दूसरे के ऊपर छुटपुट हमले करते रहे हैं। लेकिन अब इस युद्ध में अमेरिका, यूरोपीय देशों के साथ-साथ रूस और चीन भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। इस कारण तीसरे विश्व युद्ध की आशंका बन गई है। 1 अप्रैल को इजराइलियों ने दमिशक में एक ईरानी काउंसलेट पर हमला किया था। इस हमले में ईरान के साथ वरिष्ठ अधिकारी मारे गए थे। इस हमले के बाद ईरान को इजराइल के खिलाफ सीधी जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। बदले में गुरुवार की रात इजराइल ने भी ईरान पर सीधा जबाबी हमला कर दिया है। जिसके कारण सारी दुनिया के देशों में तनाव की स्थिति बन गई है।

ईरान के हमले से बचाव के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जॉर्डन और सऊदी अरब इजराइल की मदद में खड़े हुए हैं। दूसरी ओर ईरान की सहायता के लिए रूस और चीन खुलकर सामने आ गए हैं। इजराइल द्वारा गाजा में जिस तरीके का विनाश हमास से युद्ध करने के नाम पर फिलिस्तीनी नागरिकों का किया है। संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद की बात को इजराइल ने नहीं माना। उसके बाद से ही स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती चली जा रही है। 7 अक्टूबर को इजराइल ने हमास के ऊपर हमला किया था। उसके बाद भारत ने सऊदी अरब, ईरान, इजराइल, मिश्र और फिलिस्तीन के नेताओं से युद्ध को रोकने के लिए अपने स्तर पर सभी ने प्रयास किए, लेकिन भारत के कोई भी प्रयास सफल नहीं हुए। इजराइल लगातार हमास पर हमला करता रहा। हजारों लोगों की मौत हो गई। अक्टूबर से अभी तक चल रहे इस युद्ध में इजराइल के हाथ भी कुछ नहीं आया है। फिलिस्तीन और गाजा में भारी नुकसान हुआ। वहां की आम जनता को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा। ऐसा नरसंहार इसके पहले कभी दुनिया के किसी भी देश में देखने को नहीं मिला। इजराइल और हमास के युद्ध में एक साथ हजारों बच्चों और महिलाओं की मौत हुई है। वहां पर भुखमरी फैली हुई है। रेड क्रॉस और अन्य संस्थाएं वहां मदद नहीं पहुंचा पा रही हैं।

भारत के ईरान और इजरायल के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत ने इजराइल से 2। 9 अरब डालर मूल्य के मिसाइल, रडार, निगरानी ड्रोन, लड़ाकू विमान इत्यादि खरीदे हैं। अमेरिका का प्रतिबंध होते हुए भी भारत ने तेल, गैस ईरान से बड़ी मात्रा में खरीदा है। ईरान से कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक भारत है। जिस तरह से ईरान और इजरायल एक दूसरे के ऊपर हमले कर रहे हैं। इसका बड़ा असर कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर होगा। कच्चे तेल और गैस की कीमतें बड़ी तेजी के साथ बढ़ सकती हैं। इसका असर सारी दुनिया के देशों में होगा। जल मार्ग भी बाधित होगा। जिसके कारण आयात और निर्यात को लेकर बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न होगी। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते हुए तनाव से तीसरे विश्व युद्ध की आशंका से सारी दुनिया के देश भयाक्रांत हैं। आश्चर्य  की बात यह है, कि संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं शांति बहाल करने में अपना योगदान नहीं दे पा रही हैं। इसने चिंता को और भी बढ़ा दिया है। यूक्रेन और रूस के बीच में पहले ही युद्ध चल रहा है इजराइल और हमास के बीच में भी पिछले 7 महीने से भयंकर युद्ध हो रहा है दुनिया के देश दो भागों में बट रहे हैं परमाणु हमले की आशंका जताई जा रही है ऐसी स्थिति में यदि तृतीय विश्व युद्ध हुआ तो यह अभी तक के विनाश का सबसे बड़ा कारण बनेगा। प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध के समय लड़ाई के इतने संसाधन और नए-नए तौर तरीके विकसित नहीं थे, लेकिन वर्तमान संदर्भ में एक से एक बढ़कर विनाशकारी हथियार दुनिया के अधिकतर देशों के पास हैं इससे स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

# भारत के भविष्य की लड़ाई बेरोजगारी और महंगाई इस चुनाव में बहुत बड़े मुद्दे

### पहले चरण के मतदान में 102 सीटों पर मतदान होगा प्रतिस्पर्धी दलों के सामने आने वाली सभी चुनौतियां समाहित है।

सुबोध वर्मा

लोकसभा चुनाव प्रक्रिया आज (19 अप्रैल) से शुरू हो रही है, जिसमें सात चरण के चुनाव के पहले चरण में 102 सीटों पर मतदान होगा। इन चुनावों में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और विपक्षी गठबंधन इंडिया (इंडियन नेशनल डेवेलोपमेंटल इंक्लूसिव अलाइन्स) के बीच कमोबेश सीधी लड़ाई देखने को मिलेगी। दोनों ही गठबंधनों ने इन चुनावों को महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक बताया है - लेकिन व्यापक रूप से दोनों के कारण अलग-अलग हैं।

भाजपा गठबंधन, इस चुनाव को न केवल अपने दशक भर के शासन के प्रमाण और भविष्य के अपने दृष्टिकोण के प्रति जनादेश पाने के रूप में पेश कर रहा है। विपक्षी गठबंधन बड़े जोरदार ढंग से तर्क दे रहा है कि एनडीए की नीतियों ने अब तक देश के गरीबों को बर्बाद और तबाह किया है और इससे लोकतंत्र और अन्य संवैधानिक मूल्यों की हानि होने की भी आशंका बढ़ी है। इस प्रकार, देखा जाए तो दोनों पक्ष अत्यधिक भिन्न विचारों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिससे चुनाव पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकते हैं।

### पिछली बार पहले चरण में ये सीटें किसने जीती थीं?

पहले चरण का मतदान 21 राज्यों में फैला हुआ है ङ्क यह उन कारणों से जिन्हें या तो चुनाव आयोग जनता है या फिर विभिन्न दलों को सबसे अच्छी तरह से मालूम है। इस चरण में केवल एक प्रमुख राज्य, तमिलनाडु ही है जो इसमें पूरी तरह से कवर होता है, यानी इसकी सभी 39 संसदीय सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान होगा। शेष 62 सीटें दक्षिणी जम्मू और कश्मीर, उत्तरी राजस्थान, उत्तरी उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ के सबसे दक्षिणी सिरे, दक्षिण बिहार, पूरे उत्तराखंड और उत्तर-पूर्व के आठ राज्यों, असम को छोड़कर जहां इस चरण में 14 में से केवल पांच सीटों पर मतदान होना है अधिकांश में बिखरी हुई हैं।

हालांकि, कई मायनों में, यह विविधता से भरा मतदान का यह परिदृश्य उन अधिकांश प्रमुख चिंताओं और मुद्दों को समाहित करता है जिनका सामना भारतीय जनता कर रही है। राजनीतिक गठबंधनों को भी अपने संबंधित मुख्य जन-आधारों को लुभाने और अन्यत्र विस्तार करने का प्रयास करने का अवसर मिलता है, भले ही छोटे उपाय इसमें शामिल हैं लेकिन ऐसा हो रहा है।

निवर्तमान लोकसभा में, एनडीए के पास इन 102 सीटों में से 43 सीटें हैं, जबकि इंडिया गठबंधन के पास इनमें से 48 सीटें हैं। छह सीटें अन्य छोटी पार्टियों के पास थीं जो 2019 में दोनों गठबंधनों में से किसी से जुड़े नहीं थे। हिंदी पट्टी की 35 सीटों में से भाजपा और उसके सहयोगियों के पास 28 सीटें थीं, जो इस महत्वपूर्ण बेल्ट में उनकी प्रमुख स्थिति को दर्शाती है।

लेकिन, विशेष रूप से, उत्तर प्रदेश की जिन आठ सीटों पर अब पहले चरण में मतदान हो रहा है, उनमें से भाजपा के पास सिर्फ तीन सीटें थीं। ये सभी आठ सीटें उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में हैं। इस बेल्ट के अलावा, बीजेपी और उसके सहयोगियों के पास महाराष्ट्र की पांच में से चार और बंगाल की सभी तीन सीटें उनके पास थीं। भाजपा के सहयोगी - लोक जनशक्ति पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड) और शिवसेना (शिंदे) के पास चार सीटें थीं और पूर्वोत्तर में विभिन्न सहयोगी दलों के पास एक-एक सीट थी।

दूसरी ओर, विपक्षी गठबंधन, इंडिया के पास 48 सीटें थीं, जिनमें से 38 अकेले तमिलनाडु से थीं, द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 2019 में राज्य में जीत हासिल की थी। यूपी में, पहले चरण के मतदान के लिए जाने वाली आठ सीटों में से दो समाजवादी पार्टी ने जीती थीं, जो अब इंडिया ब्लॉक का हिस्सा है, जबकि तीन सीटें बहुजन समाज पार्टी के पास थीं। इसके अलावा हिंदी बेल्ट में राजस्थान, एमपी, छत्तीसगढ़ में विपक्षी गठबंधन के पास सिर्फ एक-एक सीट थी।

असम में जिन पांच सीटों पर मतदान हो रहा है, उनमें से बीजेपी के पास 4 और कांग्रेस के पास 1 सीट थी। लेकिन चूंकि असम में नए सिरे से परिसीमन हुआ है, इसलिए इन्हें मौजूदा पांच सीटों से अलग करना मुश्किल है।

### सभी प्रमुख मुद्दे चर्चा में हैं

उत्तरी राज्यों की हिंदी बेल्ट की सीटों पर, जहां सभी राज्य सरकारों में भाजपा का शासन है (बिहार में, एक सहयोगी के रूप में), भाजपा राम मंदिर मुद्दे पर भरोसा कर रही है, इस साल की शुरुआत में हुए अभिषेक को भुनाने की उम्मीद कर रही है। दरअसल, कई लोगों का मानना है कि चुनाव नजदीक होने के कारण मंदिर समारोह में जल्दबाजी की गई थी। हालांकि, ऐसा अप्रत्याशित रूप से हुआ है कि जहां तक इसके मतदान का विकल्प बनने का सवाल था, यह मुद्दा मतदाताओं के दिमाग में काफी हद तक फीका पड़ गया है।

सर्वेक्षणों के साथ-साथ जमीनी स्तर की रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि लोग मंदिर को तैयार देखकर खुश हो सकते हैं, लेकिन यह किसी भी वर्ग को भाजपा की ओर नहीं झुका पाया है। ऐसा लगता है कि इसने कार्यकर्ताओं और मौजूदा समर्थकों को उत्साहित करने में भूमिका तो निभाई है - लेकिन लोगों की कमजोर प्रतिक्रिया के कारण वह भूमिका भी तेजी से कम हो रही है।

बेशक, भाजपा में प्रधानमंत्री से लेकर हर कोई अभियान में राम मंदिर का आह्वान कर रहा है, न केवल उत्तरी राज्यों में बल्कि अन्य जगहों पर भी इसका सहारा लेने की कोशिश की जा रही है। कई लोगों का मानना है कि मंदिर पर इतना ध्यान देना, वास्तव में भाजपा की हताशा को दर्शाता है क्योंकि उसके पास ज्वलंत आर्थिक मुद्दों के संदर्भ को देखते हुए परोसने के लिए बहुत कुछ नहीं है।

खासतौर पर, बेरोजगारी और महंगाई इस चुनाव में बहुत बड़े मुद्दों के रूप में उभर रहे हैं, जैसा कि हाल ही में सीएसडीएस-लोकनीति चुनाव पूर्व सर्वेक्षण से इसकी पुष्टि हुई है। भाजपा का घोषणा पत्र, जिसे उसके आधिकारिक चुनावी मंच का प्रतिनिधित्व करने के रूप में लिया जा सकता है, में इन मोर्चों पर किसी भी उपलब्धि या भविष्य के वादों का अभाव है। यह पिछली यूपीए सरकारों की दो विफलताओं के रूप में, नौकरियों और महंगाई पर निर्भरता के बिल्कुल विपरीत है, जिसे भाजपा ने पिछले दो चुनावों में लगातार दोहराया था।

दूसरा प्रमुख मुद्दा किसानों की दुर्दशा का है। जबकि 2020-21 में किसानों के साल भर चले आंदोलन ने केंद्र की भाजपा सरकार को प्रस्तावित तीन कृषि-संबंधी कानूनों को वापस लेने के लिए मजबूर किया था लेकिन सी2 की कुल या व्यापक लागत से 50 फीसदी अधिक न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी की मांग के साथ-साथ, सरकारी एजेंसियों द्वारा अधिक खरीद की मांग भी अधूरी रही है।

दरअसल, गेहूं और चावल जैसी प्रमुख उपज की खरीद में भारी गिरावट आई है, जिससे किसान निजी व्यापारियों और कंपनियों की दया पर निर्भर हो गए हैं। यह मुद्दा, कर्ज़दारी के संकट के साथ, सत्तारूढ़ दल को परेशान कर रहा है - और उसके पास इसका कोई जवाब नहीं है।

यह मुद्दा सभी राज्यों में फैला हुआ है, खासकर उन राज्यों में जहां किसान आंदोलन का गहरा प्रभाव था। पहले चरण में इससे बड़ी संख्या में किसान-मतदाताओं के प्रभावित होने की पूरी संभावना है। आगे के चरणों में भी यह मुद्दा बना रहेगा।

तमिलनाडु, उत्तराखंड और उत्तर-पूर्व राज्यों को छोड़कर, पहले चरण के मतदान की बिखरी हुई प्रकृति, इस चरण या आने वाले चुनावों में चलने वाली सामान्य चर्चा की कल्पना करने में मदद नहीं करती है। इनमें आर्थिक संकट, निरंकुश सरकार के खतरे, सत्ता बने रहने के लिए धर्म और कट्टरता का बढ़ता इस्तेमाल शामिल है। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि और शेयर बाजार की ऊंचाई के आंकड़ों पर सवार विकसित भारत का सपना, जमीनी हकीकतों का मुकाबला करने में कामयाब होता नज़र नहीं आता है।

# नारा चार सौ पार का, सामना बहिष्कार का ?

निर्मल रानी

देश में चुनावी सरगर्मियां अपने चरम पर हैं। सत्ताधारी भाजपा जहाँ अब की बार चार सौ पार के नारे के साथ विपक्ष पर मनोवैज्ञानिक दबाव डालने की कोशिश कर रही है वहीं संयुक्त विपक्ष इण्डिया गठबंधन भाजपा की सत्ता में वापसी रोकने के लिये एड़ी छोटी का ज़ोर लगाये हुये है। सत्ता व विपक्ष के बीच हो रहे इस चुनावी दंगल से इतर विभिन्न राज्यों से यह ख़बरें भी आ रही हैं कि आम नागरिकों द्वारा इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों का न केवल बहिष्कार किया जा रहा है बल्कि कई जगह तो हिंसक विरोध से लेकर भाजपा प्रत्याशियों के विरुद्ध प्रदर्शन तक किये जा रहे हैं । कई जगह तो ग्राम वासियों ने बाक़ायदा बहिष्कार व चेतावनी सम्बन्धी साइन बोर्ड भी लगा दिये हैं। तो क्या हरियाणा,पंजाब,उत्तर प्रदेश व उत्तरांचल सहित कई अन्य राज्यों में हो रहे इस तरह के बहिष्कार यह साबित नहीं करते कि भाजपा का चार सौ पार का नारा महज़ एक चुनावी शगूफ़ा है ?

अभी गत 30 मार्च को ही मुज़फ़्फ़र नगर में रात करीब साढ़े आठ बजे खतौली क्षेत्र के मढ़करीमपुर गांव में चुनावी सभा के दौरान केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान के क़ाफ़िले की गाड़ियों पर जमकर पथराव किया गया। ख़बरों के अनुसार इस पथराव में 10 से अधिक भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गये। सभास्थल के समीप की छतों से पथराव शुरू होते ही सभा में भगदड़ मच गई।समाचारों के अनुसार पथराव के साथ ही हमलावरों ने भाजपा व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. बालियान के विरुद्ध नारे बाज़ी भी की। इस पथराव में हमलावरों द्वारा खतौली के पूर्व विधायक विक्रम सैनी की गाड़ी को क्षति ग्रस्त कर दिया गया। भाजपा ने इस घटना को विपक्ष की साज़िश क़रार दिया है। इसी तरह गत 6 अप्रैल को जिस समय रामायण सीरियल के राम अरुण गोविल जिन्हें भाजपा ने मेरठ से पार्टी उम्मीदवार बनाया है वे स्थानीय भाजपा नेताओं के साथ प्रचार रथ पर सवार होकर रोड शो निकाल रहे उस समय जनता ने उनका जमकर विरोध किया व मुर्दाबाद के नारे लगाये। अरुण गोविल वापस जाओ-वापस जाओ के नारे भी देर तक लगाये गये। उनके रथ को स्थानीय लोगों ने जबरन रोक भी लिया। प्रदर्शनकारी भाजपा व अरुण गोविल के विरुद्ध नारेबाज़ी करते समय अपने हाथों में चुनाव बहिष्कार के पोस्टर लेकर रथ के आगे खड़े हो गये। और कई जगह चुनाव बहिष्कार के पोस्टर चिपका दिये गये। प्रदर्शनकारी महिलाएं चुनाव बहिष्कार के पोस्टर लेकर प्रचार रथ के आगे आईं और गुस्साये लोगों ने प्रचार रथ पर चढ़ने का भी प्रयास किया। पश्चिमी उत्तर प्रदेश से ही भाजपा के और भी कई उम्मीदवारों के विरोध व उनके बहिष्कार की ख़बरें प्राप्त हुई हैं। इसी तरह मेरठ से लेकर सहारनपुर तक राजपूत समाज बड़ी बड़ी पंचायतें कर भाजपा को वोट न देने और भाजपा प्रत्याशियों का विरोध करने का आह्वान कर रहा है। पश्चिम यूपी में ठाकुर चौबीसी जो पूर्व में भाजपा का साथ देती रही है उसी ठाकुर चौबीसी ने इसबार भाजपा के बहिष्कार की घोषणा कर दी है। हालांकि राजपूत समाज की नाराज़गी का कारण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में टिकट वितरण में राजपूत समाज की अनदेखी बताया जा रहा है। राजपूत समाज गाज़ियाबाद से सांसद वी. के. सिंह का लोकसभा टिकट काटने के भी ख़िलाफ़ है। राजपूत उत्थान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सोम तो साफ़ तौर पर घोषणा कर चुके हैं कि हम भाजपा और मुज़फ़्फ़र नगर लोकसभा प्रत्याशी डॉ संजीव बालियान का खुलकर विरोध करेंगे। उनके अनुसार जब ठाकुरों को प्रतिनिधित्व ही नहीं दिया जा रहा तो राजपूत भाजपा को वोट क्यों दें? केवल राजपूत ही नहीं बल्कि त्यागी और सैनी जैसा इस क्षेत्र का प्रमुख समाज भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपने कम प्रतिनिधित्व से असंतुष्ट होने की बात कर रहा है। गांव गांव इस आशय के पोस्टर लगे हैं कि पूरे पश्चिमी यूपी में इस बार ठाकुर भाजपा से आर पार करेंगे। इसी तरह सहारनपुर- दिल्ली हाईवे पर स्थित ननौता गांव में गत 7 अप्रैल को हज़ारों की संख्या में राजपूत बिरादरी के लोग इकठ्ठा हुये। इस से भाजपा के भीतर खलबली मच गई। क्षत्रिय समाज की संघर्ष समिति की ओर से नानौता में आयोजित इस सम्मेलन को क्षत्रिय स्वाभिमान महाकुंभ का नाम दिया गया जिसमें पश्चिमी यूपी के कई जिलों सहित राजस्थान और हरियाणा से भी ठाकुर समाज के लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। यहाँ तक कि भीड़ ने हाइवे को भी पूरी तरह से जाम कर दिया। इस सभा में वक्ताओं का कहना था कि उनके इतिहास के साथ छेड़छाड़ की जा रही है। राजनीतिक द्वेष की भावना से राजपूत समाज को कमज़ोर किया जा रहा है। इस महाकुंभ में सम्राट मिहिर भोज और लोकसभा चुनाव में टिकट बंटवारे का मुद्दा ज़ोर शोर से उठाया गया। ग़ौर तलब है कि गुर्जर और ठाकुर समाज के लोग सम्राट मिहिर भोज पर अपनी-अपनी जाति का होने का दावा करते आ रहे हैं। जिसे लेकर दोनों ही समाज में एक दूसरे के प्रति असंतोष है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में और भी कई जगह इस तरह की महापंचायत करने का निर्णय लिया गया है। उत्तरांचल में अनेक लोगों ने गंगा किनारे खड़े होकर भाजपा को हारने का संकल्प लिया। उनका असंतोष अंकिता भंडारी को न्याय न मिलने और अग्निवीर योजना लागु करने को लेकर था। हरियाणा के भी कई क्षेत्रों में न केवल भाजपा का विरोध हो रहा है बल्कि सत्ता में भाजपा की मनोहर लाल खट्टर सरकार की लगभग चार वर्षों तक सहयोगी रही जननायक जनता पार्टी (जजपा) का भी जमकर विरोध किया जा रहा है। ग्रामीण इन्हें किसान विरोधी पार्टी के रूप में देख रहे हैं। हरियाणा के जींद ज़िले के दुराना गांव के ग्रामीणों ने गांव के बाहरी इलाक़े में एक साइन बोर्ड लगाया हुआ है जिस पर स्पष्ट शब्दों में लिखा गया है कि बीजेपी-जेजेपी नेताओं को इस गांव में प्रवेश करने की अनुमति नहीं है। इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला करते हैं। उन्हें भी 2020-21 में हुये किसान आंदोलन के दौरान उनके अपने ही निर्वाचन क्षेत्र में प्रवेश करने की अनुमति किसानों ने नहीं दी थी। संयुक्त किसान मोर्चा की तरफ़ से तो भारतीय जनता पार्टी के सभी उम्मीदवारों का विरोध करने का निर्णय लिया जा चुका है। ख़बरों के अनुसार इसतरह के व्यापक विरोध को देखते हुए पार्टी नेताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों के दौर भी बंद कर दिए हैं।

हरियाणा के ही ग्राम पंचायत खिड़वाली में गांव के प्रवेश द्वारा पर लगे एक बोर्ड पर ग्रामवासियों ने लिखा है कि ग्राम पंचायत खिड़वाली बी जे पी व जे जे पी के नेताओं का बहिष्कार करती है। गांव में घुसने पर जान माल के खुद ज़िम्मेदार होंगे। पंजाब,हरियाणा सहित और भी कई राज्यों में भाजपा के इसी तरह के खुले विरोध की ख़बरों के बीच यह ख़बर भी आ रही है कि जहाँ विरोध नहीं भी हो रहा वहां भाजपा नेताओं को सुनने के लिये भीड़ भी नहीं इकट्ठी हो रही। कई जगह पैसे देकर मज़दूरों के हाथों में भाजपा के झंडे थमा कर उन्हें रैलियों में शामिल किया जा रहा है। ऐसे हालात में यह प्रश्न उठना स्वभाविक है कि चार सौ पार का नारा देने वाली भाजपा को आख़िर इस तरह के व्यापक विरोध व बहिष्कार का सामना क्यों करना पड़ रहा है ?

# क्या भाजपा इस बार कुछ डरी-सहमी है...?

ओमप्रकाश मेहता

विश्व के देशों के लिए 'आदर्श' माना गया भारतीय लोकतंत्र आखिर एक दशक के एक पार्टी के शासन के बाद अगले चुनाव में डरा-सहमा सा नजर क्यों आता है? यह सवाल प्रधानमंत्री मोदी के पार्टीजनों के नाम लिखे ताजा पत्र में एक बार फिर उभरकर सामने आया है, मोदी जी ने पार्टी कार्याकर्ताओं के नाम लिखे अपने ताजा पत्र में इस चुनाव को 'असामान्य' बताया है तथा उम्मीदवारों से सचेत रहने की अपील की है।

वैसे भारतीय राजनीति के लिए यह घटना कोई अजूबा या असामान्य नही है यहां का इतिहास रहा है कि आजादी के बाद शासन के दस साल पूरे करने वाले हर प्रधानमंत्री के मन में अपने शासन को लेकर इस तरह के सवाल पैदा हुए है और उन्होंने उन्हें हल करने का प्रयास भी किया है, फिर चाहे नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह जैसे प्रधानमंत्री हो या स्वयं भाजपा के मोदी जी। आजादी के बाद से अब तक पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू उनके बाद उनकी बेटी इंदिरा जी और उनके बाद डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने शासन के दस साल पूरे किये, नेहरू और इंदिरा जी तो डेढ़ दशक से भी अधिक समय तक प्रधानमंत्री रहे और वे भी अपने शासन के दौरान उठाये गये कदमों के प्रति आशंकित रहे, नेहरू के सामने जहां अंग्रेजों के शासन के फैसलों को देशहित में संशोधित करने की चुनौती थी वहीं इंदिरा जी के सामने अपनी गिरती साख की चुनौती थी, जिसका उन्होनें देश में आपातकाल लागू कर निपटने का प्रयास किया, जहां तक तीसरे कांग्रेस प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का सवाल है, उनके हाथों से तो एक दशक के बाद सत्ता ही फिसल गई और वे मोदी जी की झोली में आ गिरी, अब मोदी जी का सत्ता का दशक पूरा हो रहा है और अब उनके सामने सत्ता की अहम चुनौती है, इसलिए यह लोकसभा चुनाव उनके लिए किसी 'अग्निपरीक्षा' से कम नही है, यद्दिप इस बार कांग्रेस की चमक कम हो जाने के कारण उनके सामने क्षेत्रिय दलों की विशेष चुनौती नही है, क्योंकि देश में सिर्फ कांग्रेस और भाजपा को ही 'राष्ट्रीय दल' का दर्जा प्राप्त है, शेष सभी क्षेत्रिय दल है, फिर भी मोदी द्वारा चिंतित होकर पार्टी उम्मीदवारों और सामान्य सदस्यों को इस तरह का पत्र लिखा जाना हर राजनीतिक चिंतक के लिए सोचने-विचारने को मजबूर तो करता ही है और फिर मोदी द्वारा इन चुनावों को 'असामान्य' बताना इस बार की भावी चुनौतियों को स्पष्ट करता है यही आज विशेष चर्चा का विषय है।

भाजपा और एनडीए की उम्मीदवारों को चुनावों की अंतिम घड़ी में प्रधानमंत्री द्वारा ऐसा पत्र लिखना उनकी किन आशंकाओं को उजागर करता है? एक तो इस चुनाव को 'असामान्य' बताया और दुसरे सचेत रहने की अपील की, इन दोनों उनकी धारणाओं के पीछे आखिर कारण क्या है? फिर उनका अपनो को कांग्रेस के पांच दशक की राज की याद दिलाना उसकी मुश्किलें गिनवाना, आखिर भारतीय मौजूदा राजनीति में क्या स्पष्ट करता है? फिर स्वयं की तारीफ में यह कहना कि पिछले दश वर्षों के उनके शासन में कई परेशानियां दूर हुई किंतु फिर भी अभी बहुत कुछ काम बाकी है यह कहकर उन्होंने स्वयं अपने लिए एक ओर शासनकाल की अपील की है, साथ ही भाजपा के सभी सदस्यों व उम्मीदवारों को 'साथी-कार्यकर्ता' सम्बोधित कर उन्होंने आत्मीयता का परिचय देने का प्रयास भी किया है। वे अपने इस पत्र को देश के सभी हिस्सों की क्षेत्रिय भाषा में जन-जन तक पहुंचाना चाहते है।

इस प्रकार इस चुनावी बेल में मोदी जी का यह पत्र न सिर्फ अपनी पार्टी बल्कि भारतीय राजनीति में भी अहम स्थान रखता है। जिसें कई अर्थों में देखा-परखा जा सकता है।

## भौतिकवाद से उपजी दुर्गति

ऊंचा महल खड़ा करने के लिए किसी दूसरी जगह गड्ढे बनाने पड़ते हैं। मिट्टी, पत्थर, चूना आदि जमीन को खोदकर ही निकाला जाता है। एक जगह टीला बनता है तो दूसरी जगह खाई बनती है। संसार में दरिद्रों, अशिक्षितों, दुःखियों, पिछड़ों की विपुल संख्या देखते हुए विचार उठता है कि उत्पादित सम्पदा यदि सभी में बंट गई होती तो सभी लगभग समान स्तर का जीवन जी रहे होते।

अभाव  एक ही कारण उत्पन्न हुआ है कि कुछ लोगों ने अधिक बटोरने की विज्ञान एवं प्रत्यक्षवाद की विनिर्मित मान्यता के अनुरूप यह उचित समझा है कि नीति, धर्म, कर्त्तव्य, शालीनता, समता, परमार्थ परायणता जैसे उन अनुबंधों को मानने से इंकार कर दिया जाए जो पिछली पीढ़ियों में आस्तिकता और धार्मिकता के आधार पर आवश्यक माने जाते थे। पशुओं को जब नीतिवान परोपकारी बनाने के लिए बाधित नहीं किया जा सका, तो बन्दर से मानव रूप में विकसित मनुष्य को यह किस आधार पर समझाया जा सके कि उसे उपार्जन तो करना चाहिए पर उसको उपभोग में ही समाप्त नहीं कर देना चाहिए।

विज्ञान के साथ सज्ञान का समावेश यदि रह सका होता तो भौतिक और आत्मिक सिद्धान्तों पर आधारित प्रगति का लाभ हर किसी को समान रूप से मिलता पर किया क्या जाए? भौतिक विज्ञान जहां शक्ति व सुविधा प्रदान करता है, वहीं प्रत्यक्षवादी मान्यताएं नीति, धर्म, संयम, स्नेह, कर्त्तव्य आदि को झुठला देती हैं। ऐसी दशा में उद्दंडता अपनाए हुए समर्थ का दैत्य-दानव बन जाना स्वाभाविक है।  औद्योगीकरण के नाम पर बने कारखानों ने संसार भर में वायु और जल प्रदूषण भर दिया है। ऊर्जा के अत्यधिक उपयोग ने संसार का तापमान इतना बढ़ा दिया है कि हिम प्रदेश पिघल जाने पर समुद्रों में बाढ़ आने और ओजोन नाम से जाना जाने वाला पृथ्वी का कवच फट जाने पर ब्रह्माण्डीय किरणों धरती की समृद्धि को भूनकर रख सकती हैं। रासायनिक खाद और कीटनाशक मिलकर पृथ्वी की उर्वरता को विषाक्तता में बदलकर रखे दे रहे हैं। बढ़ते हुए कोलाहल से व्यक्ति और पगलाने लगेंगे। शिक्षा का उद्देश्य उदरपूर्ति भर रहेगा, उसका शालीनता के तत्त्वदर्शन से कोई वास्ता न रहेगा।


## वैधानिक सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि इस समाचार पत्र में मुद्रित होने वाले किसी भी विज्ञापन पर आपत्ति करने वह कानूनी कार्रवाई करने से पहले विज्ञापन में दी गई शर्तों व नियमों दावों और सेवा के बारे में पूरी तरह से जानकारी हासिल कर जांच पड़ताल कर लें यह दैनिक अटल हिंद समाचार पत्र किसी भी उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विषय में विज्ञापनदाता द्वारा दिए गए दावों का उल्लेख करता है मैं ही पुष्टि करता है ना ही उसके पक्ष में है किसी भी विज्ञापन के संबंध में विज्ञापनदाता उत्तरदायी होगा ना कि दैनिक अटल हिंद समाचार पत्र पूर्व में विज्ञापन के संबंध में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क कर अपना समाधान समय करें समाचार प्रबंधन की सीधी बात के लिए उत्तरदायी नहीं होगा। **विज्ञापन प्रबंधक**



**अटल हिंद**

मुद्रक तथा प्रकाशक स्वामी  राजकुमार अग्रवाल द्वारा वत्स ऑफसेट, मुद्दा हाउस, सी - ब्लाक बारात घर कोडा, रघुनाथपुर, -32, नोएडा (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर 28, ई ब्लाक, विष्णु मार्केट, अपोजिट ओल्ड बस स्टैंड, कैथल (हरियाणा) से प्रकाशित कराया। संपादक - राजकुमार अग्रवाल, पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। (समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र कैथल, हरियाणा होगा।) मोबाइल नं0 - 09416111503, 09802153000

ई मेंल- atalhind@gmail.com/ atalhindnews@gmail.com

## एक नजर

### राष्ट्रपति जरदारी ने संयुक्त सत्र को संबोधित करते हुए राग कश्मीर अलापा

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित कर कश्मीर मुद्दा उठाया और दक्षिण एशिया में शांति और विकास सुनिश्चित करने के लिए इसका समाधान करने की आवश्यकता पर जोर दिया। जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के सांसदों द्वारा सरकार के खिलाफ की जा रही नारेबाजी के बीच, राष्ट्रपति जरदारी ने राजनीतिक नेताओं से नकदी संकट से जूझ रहे देश के समक्ष चुनौतियों से निपटने के लिए ध्रुवीकरण की राजनीति छोड़ने का आग्रह किया। राष्ट्रपति जरदारी ने कश्मीर को लेकर कहा कि भारत को पांच अगस्त, 2019 के बाद से उठाए गए सभी कदमों को वापस लेना चाहिए और कश्मीर के लोगों को अपना भविष्य तय करने अनुमति देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दक्षिण एशिया क्षेत्र में विकास के लिए शांति का माहौल आवश्यक है, और कश्मीर मुद्दे का समाधान शांति की कुंजी है। उधर भारत ने पाकिस्तान को स्पष्ट कह दिया हैं कि संपूर्ण केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख देश के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं। दूसरी बार राष्ट्रपति चुने गए जरदारी ने कहा कि वह एकजुट होकर सभी चुनौतियों से निपटने में राष्ट्र की ताकत में विश्वास करते हैं। जरदारी ने कहा, ''देश को अब ध्रुवीकरण से हटकर समसामयिक राजनीति की ओर बढ़ने की जरूरत है। इस संयुक्त सदन को संसदीय प्रक्रिया में जनता का विश्वास बहाल करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए।''

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के सह-अध्यक्ष जरदारी गठबंधन सरकार के उम्मीदवार थे और उन्होंने पिछले महीने 14वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी। जरदारी ने सभी प्रांतों के लिए अवसरों की समानता पर आधारित एक समावेशी विकास मॉडल विकसित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विदेशी निवेश को आकर्षित करना देश का प्राथमिक उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने सरकार से मौजूदा नियमों को सरल बनाने और घरेलू और विदेशी निवेशकों के लिए एक माहौल बनाने के लिए कहा।

### भारतीय मूल के प्रोफेसर को जापानी विश्वविद्यालय ने अंतरराष्ट्रीय फेलो के रुप में चुना

ह्यूस्टन (एजेंसी)। ह्यूस्टन विश्वविद्यालय के 'कुलेन कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग' में सेवारत, 'ग्लोबल एनर्जी पुरस्कार विजेता, भारतीय मूल के प्रोफेसर कौशिक राजशेखर को जापान की इंजीनियरिंग अकादमी के अंतरराष्ट्रीय फेलो के रूप में चुना गया है। विश्वविद्यालय ने इसकी जानकारी दी।

इस संबंध में कहा गया कि मूल रूप से कर्नाटक के एक छोटे से गांव के रहने वाले प्रोफेसर राजशेखर को बिजली रूपांतरण और परिवहन के विद्युतीकरण में उनके योगदान के लिए चुना गया हैं अकादमी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय फेलो के रूप में राजशेखर का चयन विशेष रूप से ''उस ऊर्जा में उनके उत्कृष्ट वैज्ञानिक अनुसंधान और वैज्ञानिक-तकनीकी क्षेत्र में उनके योगदान का सम्मान करता है जो संपूर्ण मानव जाति के हित में पृथ्वी पर ऊर्जा स्त्रोतों के लिए अधिक दक्षता और पर्यावरणीय सुरक्षा को बढ़ावा देती है।'' राजशेखर ने कहा, ''जापान की इंजीनियरिंग अकादमी के अंतरराष्ट्रीय फेलो के रूप में चुने जाने पर मैं बहुत सम्मानित महसूस कर रहा हूं। यह एक ऐसी उपलब्धि है जिसका मैं बहुत सम्मान करता हूं।राजशेखर को 2022 में 'ग्लोबल एनर्जी एसोसिएशन ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा के क्षेत्र के सर्वाधिक प्रतिष्ठित पुरस्कार 'ग्लोबल एनर्जी पुरस्कार' से सम्मानित किया था।

### अमेरिका ने कहा, कोई चुनाव पर्यवेक्षक नहीं भेज रहा

वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने भारत में लोकसभा चुनावों के बीच कहा कि वह कोई चुनाव पर्यवेक्षक नहीं भेज रहा है, लेकिन वह भारत में साझेदारों के साथ अपने सहयोग को गहरा और मजबूत करने के लिए उत्सुक है। विदेश मंत्रालय के उपप्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा, मुझे अमेरिका द्वारा कोई पर्यवेक्षक भेजने की जानकारी नहीं है। हम भारत जैसे उन्नत लोकतांत्रिक देशों में चुनावों के मामले में आम तौर पर ऐसा नहीं करते हैं।''

उन्होंने कहा, हम भारत में अपने साझेदारों के साथ अपने सहयोग को गहरा और मजबूत करने के लिए उत्सुक हैं। भारत में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत देश की 102 सीट पर मतदान हो रहा है। उन्होंने रूस-यूक्रेन संघर्ष या गाजा में जारी युद्ध के मद्देनजर शांति स्थापित करने में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित विश्व के नेताओं द्वारा भूमिका निभाने के विचार का स्वागत किया।

### अमेरिकी राजदूत ने राष्ट्रीय चुनाव को बताया लोकतंत्र का महाकुंभ

न्यूयॉर्क, (एजेंसी)। यूएस-इंडिया बिजनेस काउंसिल के अध्यक्ष अतुल कश्यप ने भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव को लेकर अपनी प्रतिक्रिया दी है। अमेरिकी राजदूत अतुल कश्यप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के साथ मानव जाति के इतिहास में सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया की शुरुआत हुई है। उन्होंने भारत के लोगों को बधाई देते हुए देश के राष्ट्रीय चुनाव को लोकतंत्र का महाकुंभ बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा के साथ एक पोस्ट भी लिखी जिसमें कश्यप ने अपने पोस्ट में कहा कि भारत के महान लोगों को हार्दिक बधाई। यह चुनाव मानव जाति के इतिहास में सबसे बड़ी चुनावी प्रक्रिया की शुरुआत हुई है। 940 मिलियन मतदाताओं और 1.2 मिलियन मतदान केंद्र के साथ भारत का राष्ट्रीय चुनाव लोकतंत्र का महाकुंभ आरंभ हो गयो है।

# वोट के लिए सीएम नायब सैनी पूर्व गठबंधन सरकार के ही गिनवाएंगे काम, उनके पास नया कुछ नहीं होगा - दिग्विजय

## दुष्यंत चौटाला जैसे मजबूत नेताओं को लोकसभा भेजना चाहती है जनता, जेजेपी बनेगी विकल्प : दिग्विजय चौटाला



चंडीगढ़/एजेंसी। जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा है कि हरियाणा के नए मुख्यमंत्री नायब सैनी 60 दिन के समय में कोई नई पॉलिसी तो बना सकते है लेकिन उसे लागू करके जमीनी हकीकत नहीं बना सकते। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आचार संहिता लगने के बाद नायब सैनी को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई, जून में यह आचार संहिता हटेगी और उसके बाद फिर विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता लग जाएगी। दिग्विजय ने कहा कि सिर्फ 50-60 दिन का ही समय नए सीएम के पास बच जाएगा, जिसमें सिर्फ केवल नीतियां ही बनाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि नायब सैनी पूर्व गठबंधन सरकार के कामों पर ही वोट मांगेंगे, उनके पास नया कुछ नहीं होगा। शुक्रवार को दिग्विजय सिंह चौटाला यमुनानगर दौरे के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने कहा कि आज जनता भाजपा से नाराज है तो वहीं कांग्रेस की क्षेत्रवाद और जातिवाद सोच को कोई पसंद नहीं करता। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता दुष्यंत चौटाला जैसे मजबूत नेताओं को संसद भेजने का विकल्प तलाश रही है। दिग्विजय ने कहा कि जेजेपी का मकसद है कि जनता की उम्मीदों को पूरा करने के लिए ऐसे मजबूत उम्मीदवारों को चुनावी मैदान में उतारा जाए जो दुष्यंत चौटाला की तरह देश की संसद में हरियाणा की आवाज उठा सके।

दिग्विजय चौटाला ने यह भी कहा कि सीमित ताकत के साथ जेजेपी ने पिछले साढ़े चार साल में गठबंधन सरकार में रहकर अपने घोषणा पत्र के अधिकतर चुनावी वादों को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि जो वादे रह गए है, उसके लिए उनके मन में जरूर मलाल है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि जो वादे सीमित ताकत के साथ पूरे नहीं हो पाए, उन्हें पूरा करने के लिए जेजेपी के पास पूरी ताकत की आवश्यकता है और हरियाणा की जनता इस बार दुष्यंत चौटाला को पूरा मौका देकर आजमाएगी। इस दौरान दिग्विजय चौटाला ने यमुनानगर जिले के जेजेपी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव को लेकर विचार-विमर्श किया।

## गाजा में वॉर क्राइम का आरोप...

### इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट हुआ सख्त

तेल अवीव(एजेंसी)। हमास के खिलाफ जंग के बीच इजराइल को डर है कि इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ अरेस्ट वारंट जारी कर सकता है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, गाजा में अंतरराष्ट्रीय कानूनों तोडऩे के आरोप में इजराइल के कई राजनेताओं और मिलिट्री लीडर्स के खिलाफ भी गिरफ्तारी वारंट जारी हो सकता है। दरअसल, एक रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल को सूत्रों के हवाले से जानकारी मिली थी कि इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट आने वाले समय में वारंट जारी करने पर विचार कर रही है। इसके बाद नेतन्याहू के ऑफिस में कई एक्सपर्ट्स ने इस मुद्दे पर इमरजेंसी मीटिंग भी की थी। इस दौरान वारंट को टालने के तरीकों पर चर्चा हुई थी।

#### दूसरे देशों से मदद लेगा इजराइल

इजराइल के विदेश मंत्रालय के मुताबिक, इस बैठक में विदेश मंत्री काट्ज, जस्टिस मिनिस्टर यारिव लेविन और स्ट्रैटेजिक अफेयर्स मिनिस्टर रॉन डेरमिर शामिल हुए थे। मीटिंग में इस बात पर सहमति बनी थी कि इजराइल अरेस्ट वारंट टालने के लिए इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट और दूसरे डिप्लोमैटिक अधिकारियों से संपर्क करेगा।

इसके अलावा पीएम नेतन्याहू ने ब्रिटेन और जर्मनी के विदेश मंत्रियों से भी इस मामले में मदद मांगी थी। नेतन्याहू के मंत्रियों को डर है कि गाजा में मानवीय संकट को देखते हुए यह वारंट जारी हो सकता है।

## डीटीपी की टीम ने राजस्व संपदा गांव सिरसला व ईशरगढ़ में पनप रही अवैध कॉलोनी में किए गए निर्माण को किया नष्ट



कुरुक्षेत्र/एजेंसी। जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार राजस्व संपदा गांव सिरसला व ईशरगढ में 1-1 अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी अशोक गर्ग ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राजस्व संपदा गांव सिरसला व ईशरगढ में 1-1 अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफ़ोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी अशोक गर्ग ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने राजस्व संपदा गांव सिरसला व ईशरगढ में क्रमशं 2.5 व 1 एकड़ में पनप रही 1-1 अवैध कॉलोनी में डीपीसी लेवल, सीवरेज व पीने के पानी की पाईप लाईन, कच्ची व पक्की सडक़ों को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास राजस्व संपदा गांव सिरसला व ईशरगढ में 1-1 अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरुरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की। इस पर कार्रवाई करते हुए विभाग द्वारा इन अवैध कालोनियों में निर्माण को नष्ट करने का काम किया गया है। उन्होंने लोगों को सचेत करते हुए कहा कि सस्ते प्लाटों के चक्कर में प्रॉपर्टी डीलर के बहकावे में आकर प्लाट ना खरीदें और ना ही किसी प्रकार का निर्माण कार्य करे। इतना ही नहीं जमीन की खरीद करने से पहले डीटीपी कार्यालय से कॉलोनी की वैधता और अवैधता की जानकारी प्राप्त कर लें। सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार भी रजिस्ट्री करने से पहले सरकार द्वारा जारी हिदायतों की पालना करें। यदि कोई व्यक्ति अवैध कालोनियों में कोई प्लॉट खरीदता है तो उसके विरुद्ध भी डीटीपी कार्यालय द्वारा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी और जिसमें 50 हजार का जुर्माना व 3 साल की सजा का प्रावधान है।

# महबूबा ने किया चुनाव घोषणापत्र जारी, कहा- जम्मू-कश्मीर को 'खुली हवा का जेल'



श्रीनगर, 19 अप्रैल (एजेंसी) पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को आगामी लोकसभा चुनाव के लिए घोषणापत्र जारी किया।

पीडीपी के घोषणापत्र में वादा किया गया है कि पार्टी अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद केंद्र सरकार के नापाक इरादों से लड़ने के लिए संसद में आवाज उठाएगी।

हालांकि, घोषणापत्र में स्वशासन फॉर्मूले की पार्टी की मांग का कोई उल्लेख नहीं है, जिसका उपयोग पीडीपी यह दावा करने के लिए करती रही है कि उसमें जम्मू-कश्मीर के मुद्दे का समाधान करने की क्षमता है।

श्रीनगर में सुश्री मुफ्ती द्वारा जारी किए गए घोषणापत्र का शीर्षक 'पहचान की रक्षा, भविष्य की रक्षा' है, जिसमें कहा गया है कि 2019 में अनुच्छेद 370 का अवैध निरस्तीकरण के बाद, जम्मू-कश्मीर 'खुली हवा वाला जेल' में तब्दील हो गया है।

घोषणापत्र में कहा गया, हमारी सामूहिक पहचान, भूमि, नौकरियों, संसाधनों पर एक अंतहीन प्रहार किया गया है और बोलने की स्वतंत्रता का उल्लंघन हुआ है। हमें अशक्त करने और बेदखल करने के लिए हजारों किलोमीटर दूर दिल्ली में रोजाना अनेक निर्णय लिए जा रहे हैं। इस हमले के खिलाफ संसद में आवाज उठाने की सख्त आवश्यकता है।

इसमें कहा गया, राज्य के विषयों और भूमि कानूनों में भारी बदलाव के साथ शुरू होकर बाहरी लोगों को अनुबंध उपहार में देकर हमारे संसाधनों की आउटसोर्सिंग की जा रही है यहां तक कि विकास परियोजनाएं भी गैर-स्थानीय लोगों को सौंप दी जाती हैं।

## भारत में गेहूं, चावल की सब्सिडी से अमेरिकी किसानों को हो रहा नुकसान

वाशिंगटन,(एजेंसी)। अमेरिकी वित्त विभाग के सीनेट समिति के अध्यक्ष रॉन विडेन ने भारत पर आरोप लगाते हुए कहा है कि भारत में गेहूं और चावल पर दी जा रही सब्सिडी बाजार की कीमतों को प्रभावित करती है जिससे अमेरिकी किसानों का नुकसान होता है। ऐसे में अमेरिका के किसानों के लिए एशियाई बाजार में टिक पाना कठिन होता जा रहा है। बाइडेन सरकार में एक शीर्ष व्यापार अधिकारी कैथरीन टाई ने अमेरिकी सांसदों को बताया कि भारत ने अमेरिकी कृषि उद्योग के लिए 12 अलग-अलग श्रेणियों में अपना बाजार खोल दिया है। उन्होंने भारत में गेहूं और चावल पर दी जा रही सब्सिडी पर चिंता जताई कि अमेरिकी किसानों ओर व्यवसायों की सुरक्षा के लिए व्यापार नियमों को लागू करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हम कड़ी मेहनत करने वाले अमेरिकी परिवारों और ग्रामीणों के लिए बाजार खोल रहे हैं। पिछले तीन सालों में हमारी सरकार ने नए कृषि बाजार वैल्यू को 21 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने आगे कहा कि व्यापार सभी अमेरिकियों के हित में होना चाहिए। हमारा लक्ष्य अमेरिकी व्यापार नीति में अमेरिकियों को एक दूसरे के खिलाफ लड़ाई को बंद कराना है।

# गोवंश तस्करी मामले में 9 साल से फरार आरोपी गिरफ्तार



पानीपत/एजेंसी। थाना सनौली पुलिस टीम ने गोवंश तस्करी मामले में 9 साल से फरार चल रहे आरोपी को सनौली यमुना पुल के पास से वीरवार को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान इरफान निवासी जलालाबाद शामली यूपी के रूप में हुई। सनौली थाना प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना सनौली पुलिस ने 28 मई 2012 को सनौली नाका पर नाकाबंदी कर बैलों से भरा एक ट्रक पकड़ मौके से गौ तस्कर आरोपी इरफान निवासी जलालाबाद, साजिद निवासी कैराना, रिजवान निवासी भगरा शामली यूपी व ट्रक ड्राइवर शहजाद निवासी मलकपुर कैराना शामली यूपी को गिरफ्तार किया था। ट्रक से 13 बैल बरामद हुए थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना सनौली में अभियोग दर्ज चारों आरोपियों को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उन्हें न्यायिक हिरासत जेल दिया था। चारों आरोपी कुछ दिन बाद जेल से बेल पर बाहर आ गए फिर आरोपी इरफान फरार हो गया था। मामले में माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी इरफान को 25 मई 2015 को पीओ घोषित किया गया था। इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि थाना सनौली पुलिस ने वीरवार सुबह मिली गुप्त सूचना पर दबिस देकर आरोपी इरफान को सनौली यमुना पुल के पास से गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी इरफान ने पुलिस को बताया कि उसने यूपी में विभिन्न स्थानों पर छुपकर फरारी काटी। पुलिस ने पूछताछ के बाद वीरवार को आरोपी इरफान को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## जरूरतमंदों को अस्पताल में मुफ्त इलाज की सुविधा



नयी दिल्ली 19 अप्रैल (एजेंसी) दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधन समिति ने कई वर्षों से बंद पड़े बाला साहिब अस्पताल यानी गुरु हरिकृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में पांच मई से ओपीडी सेवायें शुरू करने का ऐलान किया और कहा कि अस्पताल में जरूरतमंदों को सेवायें निःशुल्क प्रदान की जायेंगी। समिति के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और महासचिव सरदार जगदीप सिंह काहलों ने शुक्रवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि गुरु हरिकृष्ण इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की समस्याओं का चरणबद्ध तरीके से समाधान किया गया है और ओपीडी सेवायें शुरू करने की तैयारी है। उन्होंने कहा कि पांच मई को गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश, गुरबाणी कीर्तन और अरदास के पश्चात सेवायें शुरू की जायेंगी। उन्होंने बताया कि अस्पताल में आधुनिक मशीनें लगाई जा रही हैं, जिससे विभिन्न बीमारियों के इलाज में सुविधा होगी और पेशेवर डॉक्टर इस अस्पताल में अपनी सेवायें देंगे। उन्होंने कहा कि इससे पहले बाला साहिब अस्पताल में मुफ्त डायलिसिस सेवा चल रही है और अब तक 75 हजार लोग इस सेवा से लाभान्वित हो चुके हैं। गुरुद्वारा बंगला साहिब के मेडिकल सेंटर में 50 रुपये में एमआरआई और सीटी स्कैन किया जा रहा है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इस बार दिल्ली फतेह दिवस 27 अप्रैल और 28 अप्रैल को लाल किले पर मनाया जा रहा है, जिसमें पहले दिन कीर्तन दरबार होगा और अगले दिन गुरु की प्यारी निहंग सिंहों की फौज के जत्थे अपने जौहर दिखाएंगे।

## ट्राला छीनने वाले गिरोह का एक आरोपी गिरफ्तार; ट्राला बरामद



पानीपत/एजेंसी। सीआईए थ्री पुलिस टीम ने समालखा में गढी छाजू गांव निवासी युवक से ट्राला छीनने वाले गिरोह के एक आरोपी को ट्राले सहित सेक्टर 25 ट्रक युनियन से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान रिजवान निवासी मलाई पलवल के रूप में हुई।

सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि थाना समालखा में गढ़ी छाजू गांव निवासी जसमेर पुत्र जिले सिंह ने शिकायत देकर बताया था कि उसने 15 अप्रैल को फतेहगढ निवासी अनुप से एक ट्राला खरीदा था। 17 अप्रैल की देर रात करीब 2 बजे वह ट्राले को लेकर समालखा में गेरा धर्म कांटे के पास पहुंचा तो एक नीले रंग की बेलेनो कार ट्राले के पास आकर रूकी। कार से तीन युवक उतरे उन्होंने ट्राले को रूकवा लिया। तीनों युवक उससे मारपीट कर ट्राला छीनकर ले गए। आरोपी अपने एक साथी को रिजवान नाम लेकर बात कर रहे थे। जसमेर की शिकायत पर थाना समालखा में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों की पहचान व धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि सीआईए थ्री पुलिस टीम ने वीरवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर सेक्टर 25 से आरोपी रिजवान पुत्र निसार निवासी मलाई पलवल को छीने गए ट्राले सहित गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी आरोपी हाकम व रफीक निवासी बावल मेवात के साथ मिलकर ट्राला छीनने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। छीने ट्राले को बेचकर आरोपी शार्टकट तरिके से मोटे पैसे कमाना चाहते थे।

# हत्या मामले में माननीय न्यायालय से पीओ घोषित आरोपी गिरफ्तार



पानीपत/एजेंसी। सीआईए थ्री पुलिस टीम ने पत्नी की हत्या मामले में माननीय न्यायालय से पीओ घोषित आरोपी विनोद निवासी विजय नगर को सोनीपत के मोई माजरी गांव से गिरफ्तार किया। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा पीओ, बेल जंपर व उद्घोषित आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत सीआईए थ्री पुलिस टीम ने मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर पत्नी की हत्या मामले में माननीय न्यायालय से पीओ घोषित आरोपी विनोद निवासी विजय नगर को वीरवार देर शाम सोनीपत के मोई माजरी गांव से गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि आरोपी विनोद के खिलाफ पत्नी की हत्या का थाना किला में वर्ष 2019 में अभियोग दर्ज है। वारदात के कुछ दिन बाद ही पुलिस ने आरोपी विनोद को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उसे जेल भेज दिया था। आरोपी करीब 6 महीने बाद नवम्बर 2019 में जेल से बेल पर बाहर आ गया था। माननीय न्यायालय में निर्धारित तारिखों पर ना पहुंचने पर आरोपी विनोद को माननीय न्यायालय ने मई 2023 में पीओ घोषित किया था। आरोपी के खिलाफ थाना किला में आईपीसी की धारा 174ए के तहत अभियोग दर्ज किया गया था। इंस्पेक्टर दीपक ने बताया कि पूछताछ में आरोपी विनोद ने पुलिस को बताया उसने यूपी के इलाहबाद में व सोनीपत के मोई माजरी गांव में छुपकर फरारी काटी। पुलिस ने पूछताछ के बाद शुक्रवार को आरोपी विनोद को माननीय न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## एक नजर

### जितेश शर्मा और रिंकू के लिए खतरा बन सकते हैं आशुतोष

मोहाली (एजेंसी)। पंजाब किंग्स के ऑलराउंड आशुतोष शर्मा ने इस आईपीएल सत्र में लगातार शानदार प्रदर्शन करते सभी को प्रभावित किया है। मुंबई इंडियंस के खिलाफ मुकाबले में एक समय पंजाब किंग्स 14 रन पर 3 विकेट खो दिये थे और उसपर करारी हार का खतरा मंडरा रहा था। ऐसे समय में आशुतोष ने शानदार अर्धशतक लगाकर अपनी टीम को लक्ष्य के करीब तक पहुंचा दिया। वह हालांकि पंजाब को जीत नहीं दिला पाये पर जिस प्रकार से इस युवा ने खेला है उससे वह भारतीय टीम में जगह के दावेदार के तौर पर उभर रहे हैं।

आशुतोष ने मुम्बई के खिलाफ 200 के ज्यादा के स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए 28 गेंद में 61 रन ठोक डाले। उन्होंने अपनी पारी में 2 चौके और 7 छक्के लगाए। आशुतोष ने फिनिशर के तौर पर अपनी उपयोगिता साबित की है। अगर वह इसी तरह खेलते रहे तो जितेश शर्मा और रिंकू सिंह जैसे खिलाड़ियों के लिए खतरा बन सकते हैं क्योंकि इस सत्र में इन दोनो का प्रदर्शन साधारण रहा है।

**जितेश शर्मा**

पंजाब किंग्स के विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश शर्मा ने पिछले साल आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हुए निचले क्रम में अच्छी बल्लेबाजी की थी। इसी कारण उन्हें भारतीय टीम में भी जगह मिली है पर वह कुछ खास नहीं कर पाये। ऐसे में उनकी जगह खतरे में पड़ती दिख रही है।

**रिंकू सिंह**

वहीं आईपीएल 2023 लगातार पांच छक्के लगाने वाले रिंकू सिंह भारतीय टीम के लिए तो अब तक अच्छा किया है पर आईपीएल 2024 में उनका बल्ला अब तक नहीं चला है। वह 6 मैचों में सिर्फ 83 रन बनाए हैं। अगर आईपीएल के बाद भी उनका प्रदर्शन बेहतर नहीं होता तो उन्हें भी अपनी जगह खोनी पड़ सकती है।

### मुंबई इंडियंस अंकतालिका में सातवें स्थान पर पहुंची

मुम्बई (एजेंसी)। मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल में पंजाब किंग्स के खिलाफ मिली 9 रनों की जीत के साथ ही अंकतालिका में सातवें स्थान पर पहुंच गई जबकि पंजाब की टीम 9वें स्थान पर खिसक गयी है। सबसे अधिक रन बनाकर ऑरेंज कैप की रैस में विराट कोहली अभी भी नंबर एक पर हैं जबकि दूसरे नंबर पर रियान पराग हैं। वहीं सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप की सूची में अंतर आया है। इसमें जसप्रीत बुमराह ने युजवेंद्र चहल को पीछे कर नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। बुमराह ने पंजाब के खिलाफ गत दिवस खेले गए मैच में 3 विकेट लेने के साथ ही कुल 13 विकेट लिए जबकि दूसरे और तीसरे नम्बर पर चहल और जेराल्ड कोएत्जी हैं जिनके नाम 12-12 विकेट हैं।

वहीं राजस्थान रॉयल्स की टीम अब भी सात मैचों में 12 अंकों के साथ आईपीएल 2024 अंक तालिका में नंबर एक स्थान पर बनी हुई है। दूसरे नंबर पर 8 अंक लेकर कोलकाता नाइट राइडर्स जबकि तीसरे स्थान पर चेन्नई सुपर किंग्स है। चेन्नई के भी 8 अंक है। चौथे स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद के भी 8 अंक हैं। लखनऊ सुपर जाइंट्स 6 अंक के साथ ही पांचवें, दिल्ली कैपिटल्स 6 अंक के साथ ही छठे और मुंबई इंडियंस 6 अंक के साथ सातवें स्थान पर हैं। गुजरात टाइटंस 6 आठवें, पंजाब किंग्स 9 वें और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु 10 वें और अंतिम स्थान पर है।

### जहीर ने इम्पैक्ट प्लेयर नियम पर सवाल उठाये

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज जहीर खान ने 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम पर सवाल उठाये हैं। 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियत पिछले सत्र से लागू किया गया था। इसमें सभी आईपीएल टीम को मैच के दौरान एक खिलाड़ी को बदलने की अनुमति होती है। वहीं जहीर ने कहा कि यह नियम एक ऑलराउंडर की भूमिका को कम करता है। साथ ही कहा कि शिवम दुबे को उनकी टीम सीएसके ने केवल पावर हिटर के रूप में इस्तेमाल किया है जबकि वह मध्यम गति के गेंदबाज भी हैं और टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के एक बेहतर विकल्प हो सकते हैं पर उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर नहीं मिल पा रहा है। जहीर ने कहा, 'मैं इस बात से पूरी तरह सहमत हूं कि इसपर बात होनी चाहिये, इसको लेकर थोड़ी चिंताएं भी हैं। इसलिए हमें इससे निपटने का तरीका तलाशना होगा। इम्पैक्ट प्लेयर नियम से आपको भविष्य में कामचलाऊ ऑलराउंडर ही मिलेंगे।'जहीर का मानना है कि मोहम्मद सिराज को टी-20 विश्व कप टीम में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ आना चाहिए। इसके अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भी टीम में शामिली किया जाना चाहिये। उन्होंने कहा, 'टीम का चयन अब भी दो सप्ताह दूर है पर अर्शदीप एक गंभीर दावेदार है और चयनकर्ताओं की नजरें उस पर बनी हुई हैं। इसके अलाव खलील अहमद, मोहसिन खान और यश दयाल पर भी नजरें रहेंगी।'

### धीमी ओवर गति के लिए हार्दिक पर जुर्माना

चंडीगढ़ (एजेंसी)। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर जुर्माना लगाया है। बीसीसीआई ने हार्दिक पर ये जुर्माना पंजाब किंग्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मैच में धीमी ओवर गति के लिए लगाया है। इस मैच में मुंबई टीम तय समय में 20 ओवर पूरे करने में विफल रहे, इसलिए उन पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने बात कही है। यह पहला मामला है जब हार्दिक पर धीती ओवर गति के लिए जुर्मान लगा है। ये आचार संहिता उल्लंघन का पहला मामला है इसलिए उनपर केवल 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। मैच के बाद बीसीसीआई ने कहा, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर जुर्माना लगाया गया है क्योंकि उनकी टीम ने पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान धीमी ओवर गति रखी।'

अगर यही गलती दोहराई जाती है तो जर्मान दोगुना हो जाएगा। मुम्बई ने ये मुकाबला 9 रन से जीता। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए मुम्बई ने पंजाब को जीत के लिए 193 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करते हुए पंजाब 183 रन ही बना पायी।

### राहुल ने रोहित को एक बेहतरीन कप्तान बताया

लखनऊ (एजेंसी)। लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने रोहित शर्मा की सराहना करते हुए कहा है कि वह एक शानदार कप्तान हैं। मुम्बई इंडियंस ने इस सत्र से पहले रोहित को हटाकर हार्दिक पांड्या को कप्तान बना दिया था।

राहुल ने कहा कि कप्तान के तौर पर रोहित चाहते हैं कि हर खिलाड़ी अपनी भूमिका को समझे और उत्साह से काम करे। राहुल ने रोहित की कप्तानी की सराहना करते हुए कहा कि एक दशक के बाद बाद उनकी कप्तानी में भारतीय टीम को आईसीसी चैंपियनशिप जीतने की उम्मीदें हैं।

# डिकॉक और राहुल ने चेन्नई को दिखाया आइना, लखनऊ आठ विकेट से जीता

लखनऊ 19 अप्रैल (एजेंसी) क्विंटन डिकॉक (54) और कप्तान केएल राहुल (82) के बीच 134 रन की शतकीय साझीदारी की मदद से लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 34वें मुकाबले में गत विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को पीट कर अपने मनोबल में इजाफा किया।

पीले समंदर में तब्दील इकाना स्टेडियम पर चेन्नई ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारत 20 ओवर में छह विकेट खोकर 176 रन बनाये जिसके जवाब में लखनऊ ने विजय लक्ष्य छह गेंद शेष रहते दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। यह इकाना स्टेडियम के इतिहास में सबसे बड़ा रन चेज रहा।

डिकॉक और राहुल की जोड़ी ने आज 2022 के आईपीएल सत्र की याद दिला दी जब दोनो ने अपने दम पर 210 रन की पार्टनरशिप कर केकेआर के खिलाफ यादगार जीत दर्ज की थी।

केएल राहुल की आज की पारी अब तक के सत्र की सर्वश्रेष्ठ पारी थी, इससे पहले उन्होने राजस्थान रायल्स के खिलाफ 58 रन बनाये थे। अपनी अर्धशतकीय पारी में उन्होने 53




गेंद खेल कर नौ चौके और तीन छक्के जड़े। राहुल सीएसके के सफल गेंदबाज पथिराना का शिकार बने जब प्वाइंट पर खडे जडेजा ने उनका कैच एक हाथ से लपका। इससे पहले दूसरे छोर पर डिकॉक पारी के 15वें ओवर की आखिरी गेंद पर मुस्फिजुर रहमान का शिकार बने। उन्होने अपनी सत्र की तीसरी अर्धशतकीय पारी में 43 गेंद खेलकर पांच चौके और एक छक्का लगाया।

दोनो सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद जीत की औपचारिकता को निकोलस पूरन (23) और मार्कस स्टॉयनिस (8) ने बगैर और नुकसान के पूरा कर लिया। पूरन ने नो बाल में फ्री हिट पर चौका जड कर अपनी टीम को जीत दिलायी।

इकाना स्टेडियम में आज 50 हजार दर्शकों का दिल अपने चहेते सितारे सीएसके के महेन्द्र सिंह धोनी के साथ था मगर दिमाग में उनके लखनऊ की जीत की तमन्ना थी और दर्शकों की दोनो तमन्नायें पूरी हुयी जब उन्होने धोनी की पैसा वसूल पारी देख कर अपने अरमानों को पूरा किया। उधर एलएसजी के कप्तान केएल राहुल ने अपने घरेलू दर्शकों की जीत की चाहत को भी पूरा कर दिया। सातवें बल्लेबाज के रुप में पिच पर उतरे धोनी ने अपने खास अंदाज में नौ गेंदों की नाबाद पारी में तीन चौके और दो छक्के की मदद से 28 रन ठोक दिये जिसके चलते चेन्नई मेजबान टीम के खिलाफ चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तैयार करने में सफल हो सका। हालांकि उनकी इस पारी पर राहुल और डिकॉक ने पानी फेर दिया।

धोनी के साथ दूसरे छोर पर हरफनमौला रविंद्र जडेजा की साहसिक नाबाद पारी ने न सिर्फ चेन्नई को मुश्किलों के भंवर से निकाला बल्कि मैदान पर बैठे एलएसजी के समर्थकों की भी खूब वाहवाही लूटी।

## आईपीएल में आज आमने-सामने होंगी दिल्ली कैपिटल्स और सनराइजर्स हैदराबाद

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को आईपीएल के 35वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला करेगी। पिछले मैच में गुजरात टाइटंस पर जीत से उत्साहित दिल्ली कैपिटल्स अपने घरेलू मैच में ये मैच जीतकर अपनी लय बरकरार रखना चाहेगी। यह मैच दिल्ली के अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। दिल्ली ने खराब शुरुआत के बाद लगातार दो जीत से अंकतालिका में अपनी स्थित बेहतर की है। पिछले मैच में उसकी गेंदबाजी में भी काफी सुधार आया है। इसके अलावा टीम के कप्तान ऋषभ पंत लगातार बेहतर होते जा रहे हैं। पिछले मैच में ऋषभ ने शानदार विकेटकीपिंग के साथ ही कप्तानी कौशल भी दिखाया था। इस मैच में दिल्ली के




गेंदबाज किस प्रकार सनराइजर्स के सलामी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाते हैं। ये देखना होगा। सनराइजर्स ने अब तक जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए लगातार दो बार आईपीएल इतिहास का सबसे अधिक स्कोर बनाया है। हैदराबाद की टीम ने अपने 6 मैचों में से 4 में जीत हासिल की है और वो इस वक्त अंक तालिका में चौथे नंबर पर हैं। वहीं दिल्ली की टीम ने लगातार दो जीत हासिल की हैं और वो अंक तालिका में छठे स्थान पर हैं। दोनों टीमें अब तक 23 बार आमने-सामने आई हैं, जिसमें से दिल्ली ने 12 और हैदराबाद ने 11 मैच जीते हैं। दोनों ही टीमें अभी अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। ऐसे में ये मुकाबला रोमांचक होना तय है। पिछले दो मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए लखनऊ और गुजरात को हराया है। ऐसे में कैपिटल्स अपनी टीम में शायद ही कोई बदलाव करे। इस मैच में डेविड वॉर्नर फिट हुए तो उतर सकते हैं पर इसके अलावा अंतिम 11 में कोई और बदलाव नजर नहीं आ रहा है।

वहीं सनराइजर्स हैदराबाद इस सत्र में धमाकेदार बल्लेबाजी के कारण गेंदबाजों के लिए खौफ बनी हुई है। पैट कमिंस की कप्तानी वाली इस टीम ने अपने लगातार 3 पिछले मैच जीते हैं। पिछले मुकाबले में तो उन्होंने आरसीबी के खिलाफ 287 रन बनाकर जीत हासिल की थे। इसको देखते हुए कैपिटल्स के गेंदबजों को बेहद कसी हुई गेंदबाजी करनी होगी। दिल्ली के गेंदबाज भी इस अच्छी लय में हैं, ऐसे में हैदराबाद की राह भी आसान नहीं रहेगी।

## बुमराह पर स्वीप शॉट खेलकर बेहद खुश हैं आशुतोष

मोहाली (एजेंसी)। पंजाब किंग्स के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने कहा है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के खिलाफ स्वीप शॉट खेलना उनका सपना था जो मुम्बई इंडियंस के खिलाफ आईपीएल सत्र में पूरा हुआ है। इस मैच मे आशुतोष ने 28 गेंद में 61 रन बनाकर अपनी टीम को जीत के करीब पहुंचा दिया था। पंजाब किंग्स 9 रन से मुकाबला हार गई पर आशुतोष की बल्लेबाजी की सभी ने प्रशंसा की। आशुतोष ने मैच के बाद कहा कि वह विश्व के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शामिल बुमराह के खिलाफ स्वीप शॉट खेलना चाहते थे और इसमें सफल भी रहे। आशुतोष शर्मा इस आईपीएल 2024 में 190 से ज्यादा स्ट्राइक रेट से 150 से रन बनाने वाले बल्लेबाजों में शामिल हैं। मुंबई-पंजाब मैच के बाद उन्होंने कहा, 'बुमराह को स्वीप शॉट लगाना मेरा सपना था मैं उस शॉट का काफी समय से अभ्यास कर रहा था और इसी के बाद मैंन सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज के सामने वह शॉट खेला।' उन्होंने कहा,'मुझे भरोसा था कि मैं टीम को मैच जिता सकूंगा पर सफल नहीं रहा। ' उन्होंने अपने बेहतर प्रदर्शन कर श्रेय पंजाब किंग्स के क्रिकेट विकास प्रमुख और भारत के पूर्व खिलाड़ी संजय बांगड़ को दिया. आशुतोष ने कहा, 'संजय सर ने मुझे कहा कि मैं स्लॉगर नहीं हूं और विशुद्ध क्रिकेटिंग शॉट खेल सकता हूं।

## दुबई की बाढ़ में फंसे पुनिया और सुजीत एशियाई ओलिंपिक क्वॉलिफायर में भाग नहीं ले पाये

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय पहलवान दीपक पुनिया और उनके साथी पहलवान सुजीत कलकल दुबई की बाढ़ में फंसने के कारण एशियाई ओलिंपिक क्वॉलिफायर में भाग नहीं ले पाये। इससे पुनिया और सुजीत के पेरिस ओलंपिक के लिए टिकट हासिल करने की उम्मीदों को करारा झटका लगा है।

एक रिपोर्ट के अनुसार बाढ़ में दुबई एयरपोर्ट पर फंसने के कारण पुनिया और सुजीत देर से बिश्केक पहुंचे इस कारण उन्हें शुक्रवार को एशियाई ओलिंपिक क्वॉलिफायर में भाग लेने की अनुमति नहीं दी गई। मंगलवार से दुबई एयरपोर्ट पर फंसे ये दोनों पहलवान शुक्रवार सुबह 8 बजे के बाद मेजबान शहर बिश्केक पहुंचे पर तब तक वजन मापने की प्रक्रिया शुरू हो गयी थी, इसमें पहलवानों का वजन दर्ज किया जाता है।

ऐसे में जब भारतीय पहलवान देरी से पहुंचे तो आयोजकों ने उन्हें भाग लेने की अनुमति देने से इंकार कर दिया। उन्होंने बताया कि दुबई में बाढ़ की वजह से ऐसा हुआ पर आयोजकों ने नियमों का हवाला देकर राहत देने से इंकार कर दिया। पुनिया और सुजीत के पास अब अगले महीने होने वाले विश्व क्वॉलिफायर में ओलंपिक टिकट हासिल करने का अंतिम अवसर होगा। भारत का क्वॉलिफिकेशन अभियान शुक्रवार से शुरु हुआ। इसमें पुरुष फ्रीस्टाइल मुकाबले बाद में खेले जाएंगे। पूनिया की अनुपस्थिति में 57 किग्रा वर्ग के युवा स्टार अमन सेहरावत ने पुरुष टीम की अगुआई की।

वहीं महिला वर्ग में विनेश फोगट सहित अन्य भारतीय पहलवान सीधे दिल्ली से बिश्केक पहुंचे जबकि पुनिया और कलकल अकेले ही यात्रा कर रहे थे। दोनों 2 से 15 अप्रैल तक रूस के दागेस्तान में प्रशिक्षण ले रहे थे। 16 अप्रैल को उन्होंने दुबई के रास्ते मकाचकाला से बिश्केक के लिए उड़ान भरी पर दुबई एयरपोर्ट पर भारी बारिश के कारण ये दोनो फंस गये।

## श्रीलंकाई महिला क्रिकेट टीम ने तीन सौ से अधिक का लक्ष्य हासिल कर बनाया रिकार्ड

### अट्टापटू ने नाबाद 195 रन बनाये, दक्षिण अफ्रीकी छह विकेट से हारी

जोहांसबर्ग (एजेंसी)। कप्तान चमारी अट्टापटू के नाबाद 195 रनों की सहायता से श्रीलंकाई महिला क्रिकेट टीम ने एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज के तीसरे और अंतिम मैच में मेजबान दक्षिण अफ्रीकी टीम को 6 विकेट से हरा दिया। इस प्रकार 3 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुई।

इस मैच में श्रीलंकाई टीम ने तीन सौ से अधिक रनों का लक्ष्य हासिल कर नया विश्व रिकार्ड बनाया। श्रीलंकाई टीम ने ये मुकाबला तय ओवरों से पहले ही हासिल कर लिया। ये पहली बार है जबकि एकदिवसीय क्रिकेट में किसी महिला टीम ने 300 या इससे ज्यादा रन बनाये हैं। अट्टापटू ने इसी के साथ ही एकदिवसीय में रनों का पीछा करते हुए दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। वहीं इससे पहले पुरुष क्रिकेटर ग्लेन मैक्सवेल ने पिछले साल एकदिवसीय विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए नाबाद 201 रन बनाये थे।

महिला एकदिवसीय क्रिकेट में यह लक्ष्य का पीछा करते हुए सबसे बड़ा स्कोर है। इसी के साथ ही श्रीलंकाई टीम ने 11 साल पुराना एक रिकॉर्ड तोड़ दिया। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने साल 2012 में 289 रन के लक्ष्य को सफलतापूर्वक हासिल किया था। अट्टापटू इस इस पारी के दौरान अपना ही पिछला रिकार्ड तोड़ा। वह महिला एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन की पारी खेलने वाले बल्लेबाजों में तीसरे नंबर पर पहुंच गयी हैं। उन्होंने 139 गेंदों पर नाबाद 195 रन बनाए। अट्टापटू ने अपनी मैराथन पारी में 26 चौके और 5 छक्के लगाए।

अट्टापटू का इससे पहले सबसे अधिक स्कोर नाबाद 178 रन था जो उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 29 जून 2017 को ब्रिस्टल में बनाया था।

इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान लॉरा वाल्वार्ट के नाबाद 184 रन की मदद से 5 विकेट पर 301 रन बनाए थे।

# व्यापार

## कैस्ट्रॉल पावर1 द्वारा प्रस्तुत इंडिया अल्टीमेट मोटोस्टार के नई दिल्ली ऑडिशन को मिला रिकॉर्ड ब्रेकिंग रिस्पॉन्स

गुरुग्राम। भारत के प्रीमियम परफॉर्मेंस लुब्रीकेंट ब्रांड, कैस्ट्रॉल पावर1 ने वायकॉन 18 और रजनी एकेडमी फॉर कम्पटीटिव रेसिंग (आरएसीआर) के साथ मिलकर एमटीवी पर प्रसारित होने वाले कैस्ट्रॉल पावर1 प्रेजेंट इंडिया अल्टीमेट मोटोस्टार के तीसरे चरण का ऑडिशन नई दिल्ली में आयोजित किया। इस कार्यक्रम में देशभर में लगभग 10,000 रजिस्ट्रेशन में से, दिल्ली के उत्साहजनक मोटर रेसर्स की ओर से आश्चर्यजनक रूप से 2800 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन कराए गए। दिल्ली ऑडिशन में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े प्रतिभाशाली और दृढ़ निश्चयी मोटो रेसर्स की उत्साहजनक भागीदार प्राप्त हुई,




इन्होंने अपनी प्रतिभा और शानदार क्षमता का प्रदर्शन किया। दिल्ली के जीवंत बाइकिंग समुदाय का जबरदस्त समर्थन मोटरस्पोर्ट उत्साह के केंद्र के रूप में शहर की स्थिति को रेखांकित करता है। प्रतिभागियों ने इंट्रोडक्टरी वीडियो के माध्यम से अपने कौशल का प्रदर्शन किया, दिल्ली में ऑन-ग्राउंड ऑडिशन में प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें आरएसीआर के विशेषज्ञों सहित सम्मानित जूरी के लिए चयन प्रक्रिया काफी चुनौतीपूर्ण रही। इस पहल के महत्व और उल्लेखनीय रिस्पॉन्स पर बोलते हुए, श्री रोहित तलवार, उपाध्यक्ष और मार्केटिंग प्रमुख, कैस्ट्रॉल इंडिया लिमिटेड, ने कहा, ÷हम पूरे भारत में, वशिषरूप से नई दिल्ली में, जहां से हमें 2820 रजिस्ट्रेशन प्रापत हुए, मोटर रेसिंग में बढ़ती रुचि को देखकर काफी खुशी है। इंडिया अल्टीमेट मोटोस्टार के साथ हमारा उद्देश्य उभरती प्रतिभाओं को रेसिंग के प्रति उनके जुनून को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करना है, और यह उत्साही भागीदारी देश के मोटरस्पोर्ट प्रतिभा का मार्गदर्शन करने की हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। इस पहल पर बोलते हुए, रजिनी कृष्णन, संस्थापक आरएसीआर ने कहा, ÷भारत के मोटरस्पोर्ट खिलाड़ियों को सामने लाने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करने के लिए मैं कैस्ट्रॉल इंडिया को धन्यवाद देती हूं।

## महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में कार्डियक कैथ लैब का उद्घाटन

### अग्रोहा और हिसार के सभी लोगों को अब सस्ती और सुलभ हृदय देखभाल की सुविधा मिल सकेगी

अग्रोहा, हिसार । महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा ने आरकेएम कार्डियक सेंटर प्राइवेट लिमिटेड के साथ साझेदारी में, सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मोड के माध्यम से एक अत्याधुनिक कार्डियक कैथीटेराइजेशन लैब का उद्घाटन किया है। इस कैथ लैब की शुरुआत मार्च 2024 में हुई थी और इसने अपनी स्थापना के महज़ एक महीने के भीतर ही 50 से अधिक एंजियोप्लास्टी और 100 कार्डियक प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक पूरा करने की



उपलब्धि हासिल कर ली है। इस केंद्र का नेतृत्व आरकेएम कार्डियक सेंटर प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. राघव शर्मा कर रहे हैं, जो जटिल एंजियोप्लास्टी, रोटाब्लेशन, सीटीओ मामलों और आईवीयूएस / ओसीटी / एफएफआर-निर्देशित एंजियोप्लास्टी में विशेषज्ञ हैं। उन्हें 40,000 से अधिक हृदय संबंधी प्रक्रियाएं पूर्ण करने का श्रेय जाता है। डॉ. शर्मा प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को इस कार्डियक सेंटर के संचालन की देखरेख करेंगे। उनके साथ डॉ. अशोक कुमार भी शामिल रहेंगे, जिनके पास गुरुग्राम के एक प्रमुख अस्पताल में सेवाएँ देने का व्यापक अनुभव है। वे फतेहाबाद जिले के प्रमुख हृदय रोग विशेषज्ञ के रूप में भी कार्य कर चुके हैं।

अग्रोहा और हिसार के सभी लोगों को सस्ती और सुलभ हृदय देखभाल की सुविधा मिल सके, इसी उद्देश्य से महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा ने यह पहल की है। इस सहयोग के माध्यम से, संस्था का लक्ष्य स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाना और समुदाय की हृदय संबंधी स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा करना है।

## शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 600 , निफ्टी भी 151 अंक ऊपर आया




मुम्बई (एजेंसी)। घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी रहने से आया है। इससे पिछले दिनों से जारी गिरावट रुक गयी है। शेयर बाजार में लगातार चार दिन से जारी गिरावट पर शुक्रवार को ब्रेक लग गया। विदेशी निवेशकों की शॉर्ट कवरिंग से भी बाजार को बल मिला। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 599.34 अंक करीब 0.83 फीसदी बढ़कर 73,088.33 अंक पर बंद हुआ। मध्यपूर्व में तनाव से भी बाजार पर प्रभाव नहीं पड़ा है। इजराइल द्वारा ईरान में हमला से शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स नीचे आया थ पर बाद में इसमें बढ़त आने लगी। सेंसेक्स में आज 71,816.46 और 73,210.17 के रेंज में कारोबार हुआ। वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी भी 151.15 अंक तकरीबन 0.69 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। निफ्टी दिन के अंत में 22,147.00 अंक पर बंद हुआ। इसमें 21,777.65 और 22,179.55 के बीच कारोबार हुआ।

वहीं इससे पहले आज सुबह वै?श्विक बाजारों से ?मिले खराब संकेतों की वजह से घरेलू बाजार में गिरावट दर्ज की गयी। इस दौरान सेंसेक्स करीब 600 अंक टूटकर 72000 के नीचे आ गया है, वहीं निफ्टी भी 150 अंक गिरकर 21800 के स्तर पर शुरुआती कारोबार कर रहा था। इस प्रकार लगातार चौथे दिन बेंचमार्क सूचकांक गिरावट पर बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 455 अंक कमजोर हुआ। वहीं निफ्टी में भी 152 अंक की गिरावट दर्ज की गई। जानकारों ने कहा कि नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों की बेरुखी से भी शुरुआती कारोबार में निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

# गेहूं लिफ्टिंग की समस्या को देखते हुए एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने किया अनाज मंडी का दौरा

**लिफ्टिंग कार्य में लगी गाड़ियों के रिकॉर्ड की जांच कर जल्द जल्द लिफ्टिंग के दिए निर्देश**

**लिफ्टिंग कार्य में लापरवाही सामने आई तो होगी कार्रवाई : एसडीएम**

अटल हिंद/तरसेम सिंह



कलायत। गेहूं लिफ्टिंग की समस्या को देखते हुए शुक्रवार बाद दोपहर एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने कलायत अनाज मंडी का दौरा किया। मौके पर मौजूद मंडी व्यापारियों द्वारा एसडीएम को समस्या बारे अवगत करवाया गया। एसडीएम ने मौके पर मौजूद खरीद एजेंसी कर्मचारी और अधिकारियों से गेहूं लिफ्टिंग में लगी गाड़ियों के रिकॉर्ड की जानकारी ली और सख्त लहजे में गाड़ियों की संख्या बढ़ाकर जल्द से जल्द लिफ्टिंग करवाने के निर्देश दिए। एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने बताया कि अनाज मंडी में गेहूं लिफ्टिंग कम हो रही है। लिफ्टिंग की समस्या को देखते हुए खरीद एजेंसी हैफड व वेयरहाउस का रिकॉर्ड चेक किया जाएगा कि कितनी गाड़ियां लिफ्टिंग के कार्य में लगी हुई हैं। अगर लिफ्टिंग के कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही सामने आती है तो नियम अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी। मार्केट कमेटी सचिव अरविंद सयोकंद व मंडी सुपरवाइजर मोमन शर्मा ने बताया कि बृहस्पतिवार तक कलायत अनाज मंडी व खरीद केंद्रो में 6 लाख 25 हजार क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी है। जिसमें कलायत अनाज मंडी में साढ़े चार लाख क्विंटल खरीद हुई है। जिसमें से 75 हजार क्विंटल गेहूं की लिस्टिंग हो चुकी है।

# गांव बात्ता में चौसाला रोड पर आग लगने से चार एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख

**पीड़ित किसानों ने की सहायता की मांग**

अटल हिंद/तरसेम सिंह





कलायत। गांव बात्ता में चौसाला रोड पर स्थित खेतों में आग लगने से चार एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। पीड़ित किसान मेहर सिंह व आभे राम ने बताया कि शुक्रवार बाद दोपहर करीब 1:00 बजे अज्ञात कारणों से उनके खेतों में आग लग गई। आग लगने का पता चलते ही उनके द्वारा आग बुझाने के प्रयास किए गए। लेकिन तेज हवाओं के कारण आग पर काबू नहीं पाया जा सका। तभी उनके द्वारा फायर ब्रिगेड को सूचित किया गया। करीब 1 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका आग लगने से उनके करीब चार एकड़ में खड़ी फसल जल कर खाक हो गई। किसानों ने बताया कि आग लगने से आसपास के क्षेत्र में भी गेहूं की फसल को काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने सरकार व प्रशासन से सहायता की मांग की है। थाना प्रभारी रामनिवास ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# एक नजर

## अज्ञात गाड़ी की टक्कर से व्यक्ति घायल, मामला दर्ज

**अटल हिंद संवाददाता/नरवाना, 19 अप्रैल।** सिटी थाना पुलिस ने एक व्यक्ति की शिकायत पर उसे टक्कर मार कर घायल करने के आरोप में अज्ञात गाड़ी के चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार नरवाना निवासी चंद्रभान ने सिटी पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई कि वह अनाज मंडी में मेहनत मजदूरी का काम करता है। 17 अप्रैल की देर रात को वह मेला ग्राऊंड अनाज मंडी नरवाना से वापिस पैदल अपने घर की ओर जा रहा था, जब वह कैनाल रोड़ पर स्थित महाबीर चौंक के पास पंहुचा तो सामने से आ रही एक गाड़ी के चालक ने अपनी गाड़ी को तेज रफ्तार व लापरवाही से चलाते हुए उसे सीधी टक्कर मार दी। टक्कर लगने के कारण वह उछल कर जमीन पर गिर गया और उसे काफी चोटें आई। दुर्घटना के बाद गाड़ी चालक गाड़ी सहित मौके से फरार हो गया। बाद में राहगीरों ने उसे संभाला और घटना की सूचना उसके परिजनों को दी। परिजनों ने उसे नागरिक अस्पताल नरवाना पहुंचाया जहां से उसे ईलाज के लिए जींद रैफर कर दिया गया। सिटी पुलिस ने घायल चंद्रभान की शिकायत पर अज्ञात गाड़ी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू की है।

## अलग अलग 2 मामलों में 600 लीटर लाहण सहित 2 आरोपी काबु

**अटल हिंद संवाददाता/कैथल, 19 अप्रैल।** अवैध शराब तस्करों के खिलाफ एसपी उपासना के निर्देशानुसार शिकंजा कसते हुए अलग अलग 2 मामलों 600 लीटर लाहण सहित 2 आरोपी काबु कर लिए गए। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना कलायत पुलिस के एचसी मंदीप कुमार की टीम द्वारा सायंकालीन गश्त के समय एक गुप्त सूचना मिलने उपरांत गांव शिमला निवासी सुखबीर के मकान पर दबिश देकर आरोपी को काबू कर लिया गया। जांच दौरान आरोपी के कब्जे में 2 प्लास्टिक ड्रमों से 300 लीटर लाहण बरामद हुआ। दूसरे मामले में कलायत पुलिस के एचसी मंदीप कुमार व सिपाही महावीर की टीम द्वारा सायंकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिलने उपरांत गांव शिमला निवासी अमन के पशु बाड़ा पर दबिश देकर आरोपी को काबू कर लिया गया। जांच दौरान 2 लोहा ड्रमों से 300 लीटर लाहण बरामद हुआ। दोनों आरोपियों के खिलाफ अलग अलग मामले दर्ज करके पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

## एंटी व्हीकल स्टाफ द्वारा बाइक चोरी करने के मामले में आरोपी गिरफ्तार,चोरीशुदा बाइक बरामद

**अटल हिंद संवाददाता/कैथल 19 अप्रैल।** दुपहिया वाहन चोरों पर एसपी उपासना के निर्देशानुसार शिकंजा कसते हुए बाइक चोरी मामले में एंटी व्हीकल स्टाफ के एचसी लखविंद्र सिंह की सूचना पर एएसआई जसबीर सिंह द्वारा आरोपी गांव बाबा लदाना निवासी गुलफान को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जाखोली अड्डा कैथल निवासी अंकित गर्ग की शिकायत अनुसार 17 अप्रैल 2024 को खाटु श्याम मंदिर कैथल के बाहर खड़ी उसकी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी करके ले गया था।



# मोहाना साइलो में किसानों को दें प्राथमिकता, न करना पड़े व्यर्थ का इंतजार : मीणा



अटल हिंद संवाददाता

सोनीपत। एफसीआई नई दिल्ली के सीएमडी अशोक कुमार मीणा ने गन्नौर व सोनीपत की नई अनाज मंडियों सहित मोहाना साइलो का दौरा करते हुए विभिन्न प्रकार की व्यवस्थाओं का गंभीरता से निरीक्षण किया। उन्होंने मोहाना साइलो के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे किसानों को प्राथमिकता दी जाए। व्यर्थ में किसानों को इंतजार न करना पड़े। इसके लिए व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक कदम उठायें। सीएमडी अशोक कुमार मीणा ने दौरे की शुरुआत गन्नौर की नई अनाज मंडी के निरीक्षण के साथ की। जहां उन्हें जानकारी दी गई कि मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर 5685 किसानों ने पंजीकरण करवाया है। मंडी में करीब 18175.6 एमटी गेहूं की आवक हुई है, जिसमें से खरीद एजेंसियों हैफेड व डीएफएससी द्वारा 17883.4 एमटी की खरीद की जा चुकी है। इसमें हैफेड द्वारा 4435.65 एमटी तथा डीएफएससी द्वारा 3469.8 एमटी गेहूं का उठान किया जा चुका है। साथ ही हैफेड व डीएफएससी द्वारा खरीदी गई फसल का भुगतान भी कर दिया गया है। सीएमडी ने मंडी परिसर का दौरा करते हुए हर प्रकार की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। तदोपरांत सीएमडी मोहाना स्थित साइलो में पहुंचे, जहां उन्होंने हर प्रकार की स्थिति का गंभीरता से जायजा लिया। उन्होंने साइलो के बाहर ट्रेक्टरों में इंतजार कर रहे किसानों से भी सीधी बातचीत की। साथ में उन्होंने आढ़तियों से भी बात करते हुए साइलो में अधिकाधिक किसानों को फसल लाने के लिए प्रोत्साहित किया।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में इग्नाइट 2024 का हुआ आयोजन

अटल हिंद/संवाददाता



महेंद्रगढ़, 19 अप्रैल। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि), महेंद्रगढ़ के भौतिकी एवं खगोल भौतिकी विभाग द्वारा दो दिवसीय इग्नाइट 2024 का आयोजन किया गया। विभाग की आवृत्ति फिजिक्स एसोसिएशन के इस प्रयास के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिनके माध्यम से अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। दो दिवसीय इस आयोजन के समापन सत्र में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया। कुलपति ने इस अवसर पर आयोजको की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों को विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को व्यावहारिक रूप से जानने-समझने में मददगार साबित होते हैं। अवश्य ही इस आयोजन के माध्यम से भी विद्यार्थी लाभांवित हुए होंगे। कुलपति ने कहा कि विभाग के विद्यार्थियों ने विभिन्न राष्ट्रीय मंचों विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने इस तरह के आयोजन करवाने व विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने के लिए मंच उपलब्ध करवाने के लिए विभाग के आवृत्ति फिजिक्स एसोसिएशन की सराहना की।

# बनारसी दास गुप्त ने पूरा जीवन लोगों की भलाई व सामाजिक कार्यों को समर्पित किया: ज्ञानानंद जी महाराज

अटल हिंद संवाददाता



भिवानी। संत-महापुरुषों के आदर्शों व उपदेशों को जन-जन तक पहुंचाने व जीवन मूल्यों के निर्माण के उद्देश्य को लेकर हम सबको मिलकर प्रयास करना चाहिए,बाबू बनारसी दास गुप्त जी ने अपना पूरा जीवन लोगों की भलाई व सामाजिक कार्यों को समर्पित किया यह बात ग्राम पंचायत मानहेरू द्वारा गांव के बी.डी. गुप्त राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्थापित मानहेरू की मिट्टी के सपूत, स्वतंत्रता सेनानी पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बनारसी दास गुप्त की प्रतिमा के अनावरण अवसर पर मुख्य अतिथि महान संत महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज ने व्यक्त किए। आज ग्राम पंचायत मानहेरू द्वारा गांव के बी.डी. गुप्त राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में स्व. बनारसी दास गुप्त की प्रतिमा का अनावरण मुख्य अतिथि गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज द्वारा किया गया। अनावरण अवसर पर मुख्य रूप से बीडी गुप्ता के सुपुत्र अजय गुप्ता, स्व.बनारसी दास गुप्त के पौत्र और पौत्र वधु प्रियांश और इश्ता, वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता, वैश्य महाविद्यालय प्रबंध समिति के, उपाध्यक्ष पवन बुवानीवाला, महासचिव सुरेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष बृजलाल सर्राफ, ट्रस्टी विजय किशन अग्रवाल, आदर्श महिला महाविद्यालय प्रबंधक समिति के महासचिव अशोक बुवानीवाला, प्रदीप मित्तल, ग्राम पंचायत मानहेरू के सरपंच प्रदीप कुमार, प्राचार्य श्रीकांत शर्मा सहित अनेकों गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें। अपने संबोधन में बीडी गुप्ता फांउण्डेशन के अध्यक्ष एवं स्व.बी डी गुप्ता के सुपुत्र अजय गुप्ता ने कहा कि बाऊ जी ने हमेशा निष्काम भावना से कार्य किए।

# तोशाम, लोहारू, ढिगावा, बहल, जुई, सिवानी, अनाज मण्डी भिवानी, बवानी खेडा व चांग में 20 व 21 अप्रैल को नही होगी सरसों की खरीद

अटल हिंद संवाददाता

भिवानी। जिला की मंडियों में दो दिन मौसम पूर्वानुमान खराब होने की संभावना के चलते और सरसों की बंपर आवक के चलते तोशाम, लोहारू, ढिगावा, बहल, जुई, सिवानी, अनाज मण्डी भिवानी, बवानी खेडा व चांग में 20 व 21 अप्रैल को सरसों खरीद नही होगी। डीसी ने बताया कि जिला में सरसों की खरीद का कार्य पुरजोर से चल रहा है। खरीद कार्य के साथ-साथ उठान कार्य भी सुचारू ढंग होना जरूरी है चाहिए ताकि समय पर किसानों को उनकी सरसों की पेमेंट की अदायगी हो सकें। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग द्वारा मौसम पुर्वानुमान में बताया गया है कि आगामी दो दिन तक मौसम के खराब रहने की सम्भावना जताई है तथा मण्डियों में पहले ही सरसों की आवक बहुत अधिक हो गई है और उठान बहुत कम, इसलिए उठान के लिए समय चाहिए। इसी के चलते जिला की मंडी तोशाम, लोहारू, ढिगावा, बहल, जुई, सिवानी, अनाज मण्डी भिवानी, बवानी खेडा व चांग में 20 अप्रैल को गेट पास नही काटा जाएगा तथा 20 व 21 अप्रैल को सरसों खरीद नही होगी। उन्होंने बताया कि इस बारे में खरीद व उठान एजेंसी के अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सरसों के उठान कार्य में तेजी लाने ले लिए सबंधित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए जा चुके हैं।

# मतदाता जागरूकता अभियान: शपथ दिला आमजन को मतदान के लिए कर रहे जागरूक

अटल हिंद/मनोज गोयल



रेवाड़ी, 19 अप्रैल। जिला प्रशासन की ओर से मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) गतिविधियां आयोजित कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की प्रचार टीम मतदाता जागरूकता का संदेश लेकर ग्रामीणों के बीच पहुंच रही हैं तथा लोक गीतों, भजनों के माध्यम से मतदाताओं को लोकतंत्र के महापर्व में वोट डालने के लिए प्रेरित व जागरूक कर रही है। जिला प्रशासन रेवाड़ी व विभाग की ओर से विभिन्न प्रचार माध्यमों व सोशल मीडिया के माध्यम से भी मतदाताओं को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि जिला में मतदान प्रतिशत में प्रभावी बढ़ोतरी हो। स्वीप गतिविधियों के लिए एडीसी अनुपमा अंजलि बतौर नोडल अधिकारी कार्य करते हुए गतिविधियों के सफल आयोजन की मॉनिटरिंग कर रही हैं। जिले के प्रत्येक मतदाता को प्रेरित व जागरूक करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए एक-एक मतदाता तक पहुंच कर उनके वोट की महत्ता और लोकतंत्र के महापर्व के बारे में जानकारी दी जा रही है ताकि चुनाव पर्व देश का गर्व थीम को सही मायनों में चरितार्थ किया जा सके।

**मतदान करने का शपथ ले मतदाता जागरूकता अभियान में डाली आहुति**

शुक्रवार को इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर, रिजनल सैंटर भगत फूल सिंह महिला महाविद्यालय कृष्ण नगर, राजकीय महिला महाविद्यालय बावल में विद्यार्थीयों ने मतदान करने के लिए मतदाता जागरूकता शपथ ली। इसी कड़ी में शनिवार, 20 अप्रैल को केएलपी कालेज रेवाड़ी, अहीर कालेज रेवाड़ी, राजकीय महिला महाविद्यालय गुरावड़ा, सोमवार 22 अप्रैल को राजकीय महिला महाविद्यालय खरखड़ा, राजकीय महिला महाविद्यालय कोसली व राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नाहड़ में तथा मंगलवार 23 अप्रैल को राजकीय महाविद्यालय रेवाड़ी व राजकीय महिला महाविद्यालय जाटूसाना में विद्यार्थी स्वयं बढ़चढ़कर मतदान करने का संकल्प लेने के साथ-साथ आमजन को भी मतदान के प्रति जागरूक व प्रेरित करेंगे।

# आईजीयू में मतदाता शपथ दिलाकर विद्यार्थियों को किया जागरूक

अटल हिंद/मनोज गोयल





रेवाड़ी, 19 अप्रैल। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय, मीरपुर, रेवाड़ी में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा मतदाता शपथ दिलाकर सभी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कुलसचिव प्रोफेसर प्रमोद कुमार ने सभी युवा विद्यार्थियों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. करण सिंह ने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक देश है जिसमें सभी नागरिकों को ईमानदारी के साथ एवं निर्भीक होकर राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी श्री सुशांत यादव ने सभी शिक्षकों व गैर-शिक्षक कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को मतदान के सदुपयोग करने के बारे में शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि भारतीय लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को रखते हुए स्वतंत्र, निर्भीक होकर, धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना मतदान करें। डॉ. महावीर बड़क ने सभी युवाओं को एकजुटता का संदेश देते हुए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षक, गैर-शिक्षक कर्मचारियों सहित सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से चल रहा है वार्षिक परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य

अटल हिंद संवाददाता

भिवानी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य प्रदेशभर में विभिन्न मूल्यांकन केन्द्रों पर सुव्यवस्थित एवं सुचारू रूप से चल रहा है। इसके लिए बोर्ड मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम से बोर्ड के अधिकारी मूल्यांकन केन्द्रों पर पैनी निगाहें बनाए हुए हैं। बोर्ड अध्यक्ष डाक्टर वी.पी. यादव ने बताया कि 19 अप्रैल को दैनिक समाचार पत्र के रेवाडी एवं झज्जर संस्करण में बोर्ड के मार्किंग सैंटर पर अव्यवस्था बारे खबर प्रकाशित हुई है, जिसमें हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के राज्य एवं जिला प्रधान का ब्यान भी प्रकाशित किया गया है। बोर्ड अध्यक्ष ने समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का खण्डन करते हुए बताया कि प्रकाशित खबर एवं उनके ब्यान निराधार एवं तथ्यों से परे हैं। मूल्यांकन केन्द्रों पर मूल्यांकन कार्य से सम्बन्धित सभी प्रकार की व्यवस्था करने बारे आवश्यक दिशा-निर्देश विद्यालय मुखियाओं को दे दिए गए थे। बोर्ड मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम से बोर्ड के अधिकारियों द्वारा मूल्यांकन केन्द्रों की निरंतर निगरानी की जा रही है तथा उप-सचिव एवं सहायक सचिव स्तर के अधिकारियों के विशेष उडनदस्ते द्वारा निरीक्षण भी किया जा रहा है। यादव ने बताया कि प्रत्येक मूल्यांकन केन्द्र पर बोर्ड से एक-एक अधिकारी को ऑब्जर्वर के रूप में पूरे समय के लिए नियुक्त किया गया है। जिला झज्जर के सनराईज हाई स्कूल पर नियुक्त बोर्ड ऑब्जर्वर ने दूरभाष के माध्यम से बोर्ड मुख्यालय पर स्थापित कंट्रोल रूम को सूचित किया कि इस मूल्यांकन केन्द्र पर कुछ विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं की संख्या निर्धारित संख्या से अधिक आ गई है, जिस पर बोर्ड अध्यक्ष द्वारा तुरन्त संज्ञान लेते हुए स्वयं मूल्यांकन केन्द्र का निरीक्षण किया तथा सीनियर सैकेण्डरी कक्षा के दो विषयों की उत्तरपुस्तिकाओं को मूल्यांकन के लिए नए मूल्यांकन केन्द्र न्यूटन हाई स्कूल, झज्जर में स्थापित करते हुए शिफट कर दिया गया है, ताकि केन्द्र पर व्यवस्था बनी रहे और अध्यापकों को मूल्यांकन कार्य में परेशानी का सामना न करना पड़े।

# हरियाणा राज्य महिला आयोग हमेशा महिलाओं की सुरक्षा व उनके अधिकारों के संरक्षण के लिए तत्पर : सोनिया

अटल हिंद संवाददाता



सोनीपत। हरियाणा राज्य महिला आयोग की वाइस चेयरपर्सन सोनिया अग्रवाल ने शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में भिवानी, रेवाड़ी तथा सोनीपत जिला के महिला उत्पीडन से संबंधित 09 मामलों की जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने 08 मामलों में से 05 मामलों का आपसी सहमति से मौके पर किया निपटारा करवाया। इसके अलावा 03 मामलों में मामलों में एफआईआर, दोबारा जांच तथा सोनीपत से संबंधित एक मामले में पुलिस विभाग के अधिकारियों को शिकायतकर्ता के साथ 07 मई को सुनवाई के लिए पंचकुला कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिए। वाइस चेयरपर्सन ने जनसुनवाई के दौरान रेवाड़ी जिला की रहने वाली ज्योति, विक्की यादव, सुनीता, मेनका, निर्मला की महिला उत्पीडन से संबंधित शिकायत पर दोनों पक्षों की बात सुनी और उनको समझाते हुए सभी शिकायतों पर दोनों पक्षों का आपसी समझौता करवाया। इसके अलावा भिवानी जिला से सुमन देवी की महिला उत्पीडन से संबंधित शिकायत पर सुनवाई करते हुए पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मामले की दोबारा जांच करवाएं, ताकि जांच से शिकायतकर्ता संतुष्ट हो सके।

# चोरी की घटना के संबंध में पुणे से धमतान पहुंची पुलिस टीम के साथ कहासुनी कर पकड़े गए आरोपी को छुड़वाया

**सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में 30 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मामला दर्ज**

अटल हिंद संवाददाता

नरवाना, 19 अप्रैल। धमतान साहिब गांव में चोरी के एक मामले में आरोपी व्यक्ति को पकड़ने के लिए पहुंची पुणे की पुलिस टीम के साथ कहासुनी कर पकड़े गए आरोपी व्यक्ति को छुड़ा कर ले जाने व सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के आरोप में धमतान चौंकी पुलिस ने सहायक पुलिस निरीक्षक की शिकायत पर 14 लोगों को नामजद कर 30 से ज्यादा लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार पुणे लोह मार्ग पुलिस थाना में तैनात सहायक पुलिस निरीक्षक युवराज मारूति कलकुटगे ने धमतान चौंकी पुलिस को दी शिकायत में बताया गत 17 फरवरी 2024 को पुणे लोह मार्ग पुलिस थाने में चोरी करने के आरोप में भा.द.सा. की धारा 379 के तहत मुकद्दमा नम्बर 162 दर्ज किया गया था। इस मामले के संबंध में इंटैलिजैंस व सी.सी.टी.वी. कैमरा में आई फोटो की मदद से उन्हें पता चला था कि उपरोक्त चोरी विजय वासी धमतान साहिब ने की थी जिसकी जांच के संबंध में वह व उसकी टीम में शामिल पुणे लोहमार्ग पुलिस थाने में तैनात हवलदार सुनील कदम, अनिल टेके, अनिल कामले, नायक निलेश बिडकर, क्राइम ब्रांच पुणे में तैनात हवलदार अमरदीप सालुंखे, इम्तियाज आवटी, नायक सचिन राठौर तथा रेलवे सुरक्षा बल थाना पुणे के सहायक उप निरीक्षक विशाल मोरे, सिपाही विशाल माने व सिपाही के.एस.फुलारी एक प्राईवेट गाड़ी से पुलिस चौंकी धमतान साहिब पहुंचे और पुलिस सहायता लेकर उपरोक्त विजय को शामिल तफ्तीश करने हेतू उसके मोहल्ला धमतान साहिब में पहुंचे, जहां पर विजय उपरोक्त को लेकर प्राईवेट गाड़ी में बैठा कर पूछताछ करने के लिए लेकर चले तो विजय ने शोर मचा कर उसकी बस्ती के अन्य लोगों को वहां बुला लिया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि वहां पहुंचे लोगों ने पुरूषों के साथ-साथ महिलाएं व बच्चे भी शामिल थे। उन लोगों ने उनके साथ कहासुनी कर व पुलिस के सरकारी कार्य में बाधा पहुंचा कर पकड़े गए आरोपी विजय को उनके कब्जे से छुड़वा लिया। धमतान चौंकी पुलिस ने सहायक पुलिस निरीक्षक युवराज की शिकायत पर 4 महिलाओं सहित 14 लोगों को नामजद कर तथा 15-20 अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू की है।

# अधिकारी डिस्टलरी से निकलने वाले वाहनों की करें रियल टाइम मॉनिटरिंग : जिला निर्वाचन अधिकारी

अटल हिंद संवाददाता



रेवाड़ी, 19 अप्रैल। जिला में 18वें लोकसभा आम चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन पूरी गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी राहुल हुड्डा ने आबकारी एवं कराधान विभाग व एसएसटी (स्टेटिक सर्विलांस टीम) एफएसटी (फ्लाईंग स्कवाड टीम) के अधिकारियों को अवैध तरीके से शराब की बिक्री व आवाजाही की पूर्ण रोकथाम के लिए सख्त रूप से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता की अनुपालना कराने में एफएसटी और एसएसटी टीमों का अहम रोल है। आदर्श आचार संहिता को मूर्त रूप से लागू करने के लिए चुनाव आयोग गंभीर है। इस दौरान टीमों को सी-विजिल एप और ईएसएमएस एप के बारे और उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने निर्देश दिए कि डिस्टलरी से शराब लेकर निकलने वाली गाडियों की रियल टाइम मॉनिटरिंग की जाए, जिसके लिए गाडियों में जीपीएस सिस्टम होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि यदि चेकिंग के दौरान गाड़ी बगैर जीपीएस के मिलती है या निर्धारित रूट पर नहीं मिलती है तो उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि रेवाड़ी की सीमाओं पर चैकिंग अभियान तेज करें व गांवों से होकर जाने वाले मार्गों पर विशेष चौकसी बरती जाए।

*आबकारी व कराधान विभाग नियमों के खिलाफ गतिविधि मिलने पर तुरंत लें एक्शन =*

जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि आबकारी व कराधान विभाग नियमों के खिलाफ कोई गतिविधि मिलती है तो त्वरित कार्रवाई करते हुए तुरंत एक्शन लें। जिला में मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए मल्टी लेयर सिस्टम तैयार किया गया है जिससे की प्रभावी मॉनिटरिंग होगी। इसके अलावा एसएसटी टीमों को निर्धारित नाकों के अलावा सरप्राइज नाके लगाकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि आमजन

# गेहूं के उठान में किसी भी स्तर पर कोई कोताही न बरती जाए ताकि गेहूं को लेकर किसानों एवं मंडी के व्यापारियों को कोई परेशानी ना हो : एसडीएम

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा

बाबैन, 19 अप्रैल। बाबैन अनाज मंडी में गेहूं के उठान की समस्या का हल करने के लिए प्रशासन हरकत में आ गया है। लाडवा के एसडीएम नसीब कुमार ने आज बाबैन मंडी का दौरा कर गेहूं के उठान की समीक्षा की। उन्होंने मंडी के व्यापारियों, उठान ठेकेदार, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के अलावा मार्केट कमेटी के अधिकारियों के साथ मीटिंग कर उन्हें मंडी से गेहूं के उठान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने उठान ठेकेदार, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों व मार्किट कमेटी के अधिकारियों से कहा कि गेहूं के



उठान में किसी भी स्तर पर कोई कोताही ना बरती जाए ताकि गेहूं को लेकर किसानों एंव मंडी के व्यापारियों को कोई परेशानी ना हो। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत में एसडीएम नसीब कुमार ने कहा कि खराब मौसम के कारण किसानों द्वारा गेहूं की फसल कम्बाईन द्वारा कटवाने के कारण मंडी में एकदम गेहूं की आवक ज्यादा हो गई है। बाबैन अनाज मंडी से सरकार द्वारा खरीदी गई गेहूं की सीधी लोडिंग शाहाबाद में रेलवे को होनी थी। लेकिन रेलवे द्वारा पर्याप्त मात्रा में रेल वैगन ना उपलब्ध करवाने के कारण मंडी से गेहूं का उठान कर रहे ट्रक रेलवे स्टेशन पर ही फस गए। बाबैन मंडी से समय पर गेहूं का उठान नहीं हो सका है जिससे बाबैन मंडी में जाम की स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने बाबैन मंडी के व्यापारियों और किसानों की समस्या को देखते हुए बाबैन मंडी की गेहूं के लिए एफसीआई के मदनपुर गोदामों में जगह अलाट कर दी है।

उन्होंने कहा कि बाबैन मंडी में आज से गेहूं का उठान एफसीआई के मदन पुर गोदामों में सुचारु रुप से शुरु हो गया है। उन्होंने कहा कि अगले एक दो दिन में बाबैन मंडी में जाम की स्थिति सामान्य हो जाएगी।

## एक नजर

### हरियाणा राजकीय रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन की बैठक आयोजित

**अटल हिंद संवाददाता/नरवाना, 19 अप्रैल।** हरियाणा राजकीय रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन की बैठक शुक्रवार को यहां खंड सचिव करण सिंह मलिक की अध्यक्षता में नेहरू पार्क नरवाना में आयोजित की गई जिसमें खंड नरवाना के रिटायर्ड कर्मचारी और अधिकारियों ने भाग लिया। इस बैठक में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई कि रविवार को नेहरू पार्क नरवाना में खंड नरवाना की रिटायर्ड कर्मचारी अधिकारी एसोसिएशन का जो चुनाव होना है, उसके अंदर खंड नरवाना के शत प्रतिशत कर्मचारी हिस्सा लें ताकि इस चुनाव को निष्पक्ष और अच्छे ढंग से किया जा सके और वर्ष 2024 से 27 के लिए एक प्रभावी कार्यकारिणी का गठन किया जा सके ताकि कर्मचारी अधिकारी की मांगों को पुरजोर तरीके से उठा सकें। इस अवसर पर शमशेर नैन, यशपाल नैन, दलबीर सिंह मोर, बाबू राम सिहाग, करण सिंह मलिक, बलबीर, नफे सिंह नैन आदि कर्मचारी और अधिकारी मौजूद रहे।

### लायंस कल्ब नरवाना का जैन स्थानक में रक्तदान शिविर का आयोजन कल

**अटल हिंद संवाददाता/नरवाना, 19 अप्रैल।** लायंस कल्ब नरवाना द्वारा रविवार को यहां पतराम नगर में स्थित जैन स्थानक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। लायंस कल्ब के प्रधान पुनीत जैन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि लायंस कल्ब एवं एस.एस.जैन सभा नरवाना द्वारा आयोजित इस रक्तदान शिविर में भाजपा नेता मोहन लाल मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि रक्तदान शिविर की तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे इस शिविर में बढ़-चढ़ कर भाग लें और रक्तदान करें।

# किशनलाल पब्लिक कॉलेज में महाविद्यालय स्तरीय स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण व निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

अटल हिंद संवाददाता



रेवाड़ी,19 अप्रैल। किशनलाल पब्लिक कॉलेज, रेवाड़ी में आज विधिक साक्षरता मिशन के अंतर्गत महाविद्यालय स्तरीय स्लोगन लेखन, पोस्टर निर्माण व निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉलेज प्राचार्या डॉ. कविता गुप्ता ने विद्यार्थियों को उनके मौलिक कर्तव्य, शिक्षा के अधिकार व घरेलू हिंसा से महिलाओं की सुरक्षा जैसे अन्य विषयों पर अपने विचार रख जागरूक करने का कार्य किया। कॉलेज लीगल लिटरेसी सेल की कन्वीनर डॉ गायत्री यादव एवं सदस्यों द्वारा भी महिलाओं की सुरक्षा व शिक्षा के अधिकार, मानवाधिकार कानून, बाल विवाह, कन्या भ्रूण हत्या व नशा मुक्ति जैसी अनेक सामाजिक समस्याओं पर विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सचेत करने का काम किया गया। सभी विधाओं में विजयी प्रतिभागी प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को कॉलेज प्राचार्या व लीगल लिटरेसी सेल के सदस्यों द्वारा शुभकामनाएं दी गई। कॉलेज लीगल लिटरेसी सेल की कन्वीनर डॉ गायत्री यादव ने बताया कि ये सभी विजेता विद्यार्थी आगामी 25 अप्रैल को जिला स्तरीय प्रतियोगिता खरखरा में भाग लेंगे । इस अवसर पर लीगल लिटरेसी सेल के सदस्यों डॉ जय शर्मा डॉ मेघना शर्मा, डॉ रेखा रानी तथा डॉ ऋचा शर्मा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। कार्यक्रम में डॉक्टर अनुराधा दीपक, शिक्षा, पारुल मित्तल तथा डॉक्टर रेखा शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# हाई वोल्टेज लाइन का तार टूटकर गिरने से गांव ईशरवाल में 2 एकड़ में खड़ी गेहूं की फसल जलकर हुई राख

**किसान के अरमानों पर फिरा पानी, प्रशासन से मुआवजा देने की उठाई मांग**

अटल हिंद संवाददाता



तोशाम, 19 अप्रैल। क्षेत्र के गाँव ईशरवाल में हाईवोल्टेज लाईन का तार टूटकर गिरने से एक किसान की 2 एकड. में खड़ी गेंहू की फसल जलकर राख हो गई। इस दौरान आस-पड़ोस के किसानों ने प्रयास कर कड़ी मशक्कत के साथ समय रहते आग पर काबू पा लिया वरना आग साथ लगते खेतों तक पहुँच जाती तो और अधिक नुकसान हो सकता था। गांव ईशरवाल निवासी किसान परमानन्द ने बताया कि उसने अपने खेत में 2 एकड में गेंहूँ की फसल बोई हुई थी, जोकि अब पककर तैयार हो चुकी थी। उसके खेत से बिजली की हाईवोल्टेज लाईन गुजरती है। शुक्रवार दोपहर को अचानक फाल्ट होने की वजह से लाईन का तार टूटकर गेंहूँ की फसल में गिर गया और फसल में आग लग गई। देखते? ही देखते दो एकड में खड़ी फसल पूरी तरह जलकर राख हो गई। पीड़ित किसान परमानंद नागल ने बताया कि वो एक छोटा किसान है और खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता है। परंतु फसल जल जाने से उसके लिए घर चलाने अर्थात बच्चों के पालन-पोषण करने का गम्भीर संकट आ खडा हुआ है। पीड़ित किसान परमानंद, गाँव के सरपंच उमेदसिहं, बीडीसी प्रतिनिधि मुकेश, प्रदीप बंसल, ईशवर सिंह, बलवान, रणवीर सिंह, बलबीर, कुलदीप नागल, अमरजीत आदि ने प्रशासन से पीड़ित किसान के नुकसान का जायजा लेकर उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन की हाई स्कूल हैडमास्टर की पदोन्नति बारे राज्यस्तरीय ऑन लाइन मीटिंग आयोजित

अटल हिंद संवाददाता

नरवाना, 19 अप्रैल। हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन राज्य कार्यकारिणी की ऑनलाइन मीटिंग की गई जिसकी अध्यक्षता सुरेंद्र यादव ने की। इस ऑनलाइन मीटिंग में राज्य प्रधान अनंत पाल नैन, समस्त कार्यकारिणी तथा सभी जिलों के प्रधान व महासचिवों ने भाग लिया। मीटिंग का संचालन प्रांतीय सलाहकार भगवान सिंह सौरोत ने किया। इस मीटिंग का मुख्य मुद्दा टीजीटी और मौलिक स्कू ल मुख्याध्यापक की कंबाइंड सीनियरिटी लिस्ट बना कर सर्विस रूल 2012 ग्रुप बी के अनुसार 9(आई)बी(आई) से 100 प्रतिशत प्रमोशन टीजीटी/इएसएचएम से होनी है। प्रमोशन में लेंथ ऑफ सर्विस को देखा जाता है अगर टीजीटी की इएसएचएम से लेंथ ऑफ सर्विस ज्यादा है तो पहले टीजीटी को प्रमोट किया जाना चाहिए ऐसा विभाग लैक्चरर फिजिकल एजुकेशन एवं अन्य लैक्चरर प्रमोशन में कंबाइंड एलिजिबिलिटी लिस्ट बनाकर प्रमोशन करता है उसी तर्ज पर टीजीटी एवं इएसएचएम की कंबाइंड सीनियरिटी लिस्ट बनाकर हाई स्कू ल हैड मास्टर की प्रमोशन की जाए। एसोसिएशन बहुत जल्द मामले को शिक्षा मंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री के संज्ञान में लाएगी एवं सभी एम.एल.ए., एम.पी. और मंत्रियों को ज्ञापन दिए जाएंगे। 28 अप्रैल को पानीपत में एसोसिएशन की राज्य स्तरीय फिजिकल मीटिंग की जाएगी जिसमें भविष्य की रणनीति बनाई जाएगी।

# टाटकी में नामी पहलवान गोगी मखाला ने सुशील पहलवान मधुबन को हराया

**प्राचीन माता मनसा देवी मंदिर टाटकी में लगने वाला एक दिवसीय मेला और कुश्ती-दंगल धूमधाम से संपन्न**

अटल हिंद/सुरेश अरोड़ा



बाबैन, 19 अप्रैल। माता मनसा देवी मंदिर टाटकी में लगने वाला वार्षिक मेला और दंगल धूमधाम से संपन्न हो गया। मेले में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने माता मनसा देवी के मंदिर में माथा टेक कर पूजा अर्चना की। दंगल का शुभारंभ जिला परिषद कुरुक्षेत्र के सदस्य सुखविंदर सिंह सुखा ने नामी पहलवान गोगी मखाला व सुशील मधुबन का हाथ मिला कर किया। इस कुश्ती मुकाबले मे गोगी मखाला ने सुशील मधुबन को हराकर झंडी की कुश्ती पर कब्जा किया। मेला प्रबंधक कमेटी की और से गांववासियों व समाजसेवियों के सहयोग से सभी पहलवानों को नकद इनाम देकर सम्मानित किया गया। दंगल में दर्शकों ने भी सभी पहलवानों को नकद इनाम देकर उनका जोरदार उत्साहवर्धन किया। दंगल के सफल संचालन में पूर्व पहलवान श्यामसुन्दर यारा व हरिचंद अमीन ने रेफरी के तौर पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर गांव के सरपंच रणबीर जोगी, नम्बरदार अमर सिंह व मोहकम सिंह, बलकार सिंह, शिव कुमार, सुरत सिंह, अनिल सैनी, राजेन्द्र जोगी, जयसिंह, मांगे राम, मनीष सैनी, सुनिल कुमार, रामपाल व जय भगवान के अलावा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिला पार्षद सुखविंदर सिंह सुखा ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर आयोजित होने वाली दंगल प्रतियोगिताओं से ग्रामीण पहलवानों को अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाने का अच्छा मौका मिलता है। कुश्तियों में पहलवानों द्वारा दिखाए जाने वाले करतबों से लोगों का भी खुब मनोरंजन हो जाता है। उन्होंने कहा कि 100 साल से भी ज्यादा समय से लगने वाले माता मनसा देवी के मेले में लगने वाला दंगल क्षेत्र के लोगों के मंनोजरन का भी एक बड़ा साधन बन गया है। उन्होंने युवाओं को आह्वान किया कि वे नशे जैसी बुराइयों से दुर रहकर खेलों को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाकर खेलों में बढ़चढ़ कर भाग ले ताकि वे जीवन में आगे बढ़ सके।

# वेदांता स्कूल में स्कॉलरशिप टैस्ट में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित




अटल हिंद संवाददाता

नरवाना, 19 अप्रैल। वेदांता इंटरनैशनल स्कूल कलौदा खुर्द में गत दिनों स्कॉलरशिप टैस्ट का आयोजन किया गया, जिसका परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया व इस परीक्षा में अव्वल आने वाले विद्यार्थियों को उचित ईनाम देकर सम्मानित किया गया। इस परीक्षा में 647 विद्यार्थियों ने भाग लिया व प्रत्येक कक्षा से प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को चेयरमैन रवि श्योकंद, डायरैक्टर प्रदीप नैन व प्रधानाचार्या उमा यादव द्वारा सम्मानित किया गया। डायरेक्टर इंजी. प्रदीप नैन ने बताया कि विद्यालय में हर वर्ष स्कॉलरशिप टैस्ट का आयोजन किया जाता है। आस-पास के गांवों से विद्यार्थी यह परीक्षा देते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी परीक्षाओं से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है और वे आत्मनिरीक्षण करने में सक्षम बनते हैं। इस परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को उनके ज्ञान व कौशल के आधार पर छात्रवृति लाभ प्रदान किए जाते हैं। प्रधानाचार्या उमा यादव ने कहा कि विद्यालय में ऐसी परीक्षाओं के आयोजन से हमारा उद्देश्य बच्चों की उत्कृ ष्टता को पहचान कर उसमें निखार करने से है। इससे विद्यार्थियों का व्यक्तिगत विकास तो होता ही है साथ-साथ उन में अनुशासन में जिम्मेदारी की भावना भी उत्पन्न होती है। इस परीक्षा को उत्तीर्ण करके उत्कृ ष्ट विद्यार्थी अपने वित्तीय बोझ को बिल्कु ल कम करके अपनी पढ़ाई जारी रख सकते हैं। चेयरमैन रवि श्योकंद ने स्कॉलरशिप टैस्ट में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया।

# एस.डी.पब्लिक स्कूल में किया गया प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन

अटल हिंद संवाददाता



नरवाना, 19 अप्रैल। एस.डी. पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के 84 बच्चों ने अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए कविता पाठ, भाषण, नृत्य एवं एकल गायन के द्वारा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। स्कूल प्राचार्या अनिता मलिक ने कहा कि प्रतिभाएं हर बच्चे के अंदर छुपी हुई हैं, बस जरूरत है उस छुपी हुई प्रतिभा को प्रेरणा के द्वारा बाहर लाया जाए ताकि भविष्य में बच्चे किसी भी क्षेत्र में अंतरमुखी न बने। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर संपूर्ण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मंच का संचालन ग्यारहवीं एवं बारहवीं की छात्राओं ने किया। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल एवं संयोजक की भूमिका रितू गोयल, राममेहर बैनीवाल, राकेश शर्मा एवं रितू सिंह ने निभाई। नृत्य प्रतियोगिता में तन्नू ने प्रथम, कृष ने द्वितीय एवं अक्षिता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकल गायन प्रतियोगिता में मेहल एवं महक प्रथम, प्रतीक द्वितीय एवं अवंतिका तृतीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता में पावनी ने प्रथम, कनक ने द्वितीय एवं नैंसी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# डी.ए.वी.स्कूल में मनाया गया महात्मा हंसराज जन्मोत्सव

अटल हिंद संवाददाता



नरवाना, 19 अप्रैल। डी.ए.वी.शताब्दी पब्लिक स्कू ल नरवाना में शुक्रवार को डी.ए.वी.संस्थाओं के संस्थापक, शिक्षाविद् एवं युगप्रवर्तक महात्मा हंसराज के जन्मदिन को उत्सव रूप में मनाया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण से किया गया। कक्षा आठवीं व नौवीं के छात्रों ने महात्मा हंसराज, स्वामी दयानंद सरस्वती एवं पंडित गुरूदत्त विद्यार्थी की भूमिका निभाते हुए अपनी सुंदर प्रस्तुति दी व इसके साथ-साथ बच्चों ने भाषण माध्यम से महात्मा हंसराज के जीवन परिचय के बारे में बताया कि महात्मा हंसराज का जन्म 19 अप्रैल 1864 को होशियारपुर पंजाब में हुआ था। बच्चों ने महात्मा हंसराज के महान समर्पण, अतुलनीय योगदान, त्याग, परिश्रम और निष्काम सेवाभाव जैसे गुणों से सभी को अवगत करवाया। बच्चों ने समूह गान कर महात्मा हंसराज की जीवन गाथा को सभी के समक्ष मानो साक्षात उपस्थित कर दिया। अंत में विद्यालय के प्राचार्य डा.हरेश पाल पांचाल ने बच्चों की सुंदर प्रस्तुति की सराहना की और महात्मा हंसराज के जन्मोत्सव पर सभी बच्चों और स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि महात्मा हंसराज के महान समर्पण, अतुलनीय योगदान और त्याग को कभी भुलाया नहीं जा सकता, अतः उनके द्वारा बताए गए सन्मार्ग पर चलना चाहिए ताकि हम सब मिलकर सुदृढ़ राष्ट्र का निर्माण कर सकें।

# उझाना में कई किसानों की 30 एकड़ से ज्यादा गेहूं की खड़ी फसल आग लगने से जल कर हुई राख

अटल हिंद/राजीव





नरवाना, 19 अप्रैल। उझाना गांव में गत देर सायं खेतों में लहरा रही गेहूं की फसल में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते आसपास के करीब 40 एकड़ भूमि में यह आग फैल गई। आग लगने की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग काफी तेजी से फैल रही थी। आग लगने की सूचना फायर ब्रिगेड को दी गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया लेकिन जब तक आग पर काबू पाया गया तब तक कई किसानों की करीब 30 एकड़ से ज्यादा गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो चुकी थी। इसके अलावा करीब 10 एकड़ खेत में गेहूं की फसल के फाने जल गए। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आगजनी की इस घटना में उझाना गांव के किसान धर्मवीर पुत्र वेदपाल, रामदिया पुत्र शिशु, रघुबीर पुत्र पंजाब सिंह, जयभगवान पुत्र रामफल, महेंद्र पुत्र जीतू, भीरा पुत्र संतू सिंह, सतबीर पुत्र ताराचंद, राजकुमार पुत्र रामफल के गेहूं की फसल जल गई। इसके अलावा कृष्ण पुत्र मांगे राम व पाला राम के खेत में फाने जल गए। आगजनी की इस घटना में एक पिकअप गाड़ी भी आ गई और इस गाड़ी के टायर भी जल गए।

# एडीसी राहुल मोदी और एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने हस्ताक्षर कर लिया मतदान करने का संकल्प

अटल हिंद संवाददाता




टोहाना, 19 अप्रैल। मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित विभिन्न जागरूकता गतिविधियों की कड़ी में टोहाना के लघु सचिवालय में एसडीएम कार्यालय परिसर में मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त एवं स्वीप के नोडल अधिकारी राहुल मोदी ने हस्ताक्षर करके मतदान करने का संकल्प दोहराया। शुक्रवार को एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी टोहाना प्रतीक हुड्डा ने इस अभियान के तहत परिसर में लगाये गये बड़े बैनर पर स्वयं हस्ताक्षर कर संकल्प लिया और लोगों से भी हस्ताक्षर कर संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से कहा कि वे स्वयं मतदान करने का संकल्प ले और 25 मई को मतदान करने के लिए लोगों को भी प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत करें। एसडीएम कार्यालय परिसर में इस दौरान बनी सेल्फी प्वाइंट मेरा वोट मेरी ताकत पर भी नागरिक सेल्फी लेकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने बताया कि इस हस्ताक्षर अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना है। सभी विभागों, स्कूल, कॉलेजों, व्यापार मंडल, एनजीओ, धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं से भी अपील की गई है कि मतदान के प्रति लोगों को प्रेरित व जागरूक करने के लिए इस तरह के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाये।